# मासिक जी.के. डायजेस्ट

**नवंबर 2018**



Powered by:

gradeup

# मंथली डाइजेस्ट

# नवम्बर-2018


प्रिय पाठकों,

यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट **नवम्बर 2018** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल **बैंकिंग साक्षात्कार** और आगामी **बैंकिंग परीक्षा** के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. वित्त मंत्री अरुण जेटली के अनुसार, अक्टूबर 2018 में जी.एस.टी संग्रह **एक लाख करोड़ रुपये** आंकड़े के पार चला गया।
   **नोट:** सितंबर में, माल एवं सेवा कर से अर्जित राजस्व 94,000 करोड़ रुपये था। भारत में माल एवं सेवा कर नियम एक व्यापक, बहुस्तरीय, गंतव्य-आधारित कर है जो हर मूल्यवर्धन पर लगाया जाता है। माल एवं सेवा कर अधिनियम **1 जुलाई, 2017** को लागू हुआ था।
2. यूको बैंक के प्रबंध निदेशक (एम.डी) और सी.ई.ओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) का पदभार **अतुल गोयल ने** ग्रहण किया।
   **नोट:** इससे पहले, वे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक थे। गोयल ने आर.के. ठक्कर की जगह ली जिन्होंने 1 नवंबर, 2018 को अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा किया।यूको बैंक (प्रारंभ में यूनाइटेड कॉमर्शियल बैंक) की स्थापना वर्ष 1943 में कोलकाता में हुई थी।
3. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एन.बी.एफ.सी) शुरू करने के लिए आर.बी.आई लाइसेंस **किर्लोस्कर कैपिटल को** प्राप्त हुआ।
   **नोट:'किर्लोस्कर कैपिटल'** किर्लोस्कर ऑयल इंजन लिमिटेड (के.ओ.ई.एल) के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो अगले तीन वर्षों में 1000 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण प्रदान करने की योजना बना रही है। इससे पहले, कंपनी ने अपने इंडो-स्टार कैपिटल वित्त प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विमल भंडारी को अपने परिचालनों का नेतृत्व करने के लिए तैयार किया था।
4. वित्तीय उधारकर्ताओं की जांच के लिए सभी उधारकर्ताओं, दिवालिया और लंबित कानूनी मामलों समेत सभी उधारकर्ताओं की जानकारी एकत्र करने हेतु डिजिटल पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री की स्थापना **भारतीय रिजर्व बैंक** ने आरंभ की।
   **नोट:** रिजर्व बैंक ने रजिस्ट्री के विकास के लिए पिछले तीन वर्षों में 100 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली कंपनियों से रुचि-प्रकटन आमंत्रित किए हैं।पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री में बैंक नियामक सेबी, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, माल एवं सेवा कर नेटवर्क और भारतीय ऋणशोधनक्षमता और दिवालियापन बोर्ड जैसी इकाइयों से जानकारी शामिल होंगी ताकि बैंक और वित्तीय संस्थानों को मौजूदा और संभावित उधारकर्ताओं का एक वास्तविक समयाधारित संपूर्ण प्रोफाइल प्राप्त हो सके।
5. व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं की ऋण जानकारी प्राप्त करने के लिए व्यापक डिजिटल पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री (पी.सी.आर) स्थापित करने हेतु **भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) ने** कदम उठाए हैं।
   **नोट:** इस संबंध में, आर.बी.आई ने पी.एस.सी के विकास के लिए पिछले तीन वर्षों में 100 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली कंपनियों से रुचि-प्रकटन (ई.ओ.आई) आमंत्रित किए हैं। पी.सी.आर की स्थापना वित्तीय प्रणाली में बढ़ते बुरे ऋणों के महत्व बताती है। भारतीय बैंकिंग





प्रणाली में गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एन.पी.ए) बहुत अधिक है।

**6.** एक अवसंरचना ऋण कोष आई.डी.एफ.सी इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस (आई.डी.एफ.सी-आई.एफ.एल) का **राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एन.आई.आई.एफ)** ने अधिग्रहण किया।

**नोट:** यह अधिग्रहण एन.आई.आई.एफ के रणनीतिक कोष से पहला निवेश है। अधिग्रहण आर.बी.आई से अनुमोदन के अधीन है। आई.डी.एफ भारत के अवसंरचना क्षेत्र में निवेश के लिए निवेश का साधन हैं। आई.डी.एफ.सी-आई.एफ.एल, 4500 करोड़ रुपये की ऋण शर्त के साथ, अवसंरचना परियोजनाओं को संचालित करता है, जिससे वास्तविक परियोजना वित्तदाता को परिचालन शुरू होने के बाद अपनी पूंजी को पुन: चक्रित करने में सहायता मिलती है।

**7.** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी **आई.बी.एम** ने 34 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नकद एवं ऋण सौदे में सॉफ्टवेयर कंपनी रेड हैट का अधिग्रहण किया।

**नोट:** व्यापार के अंत में रेड हैट का मूल्य लगभग 20.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। ओपन सोर्स, एंटरप्राइज़ सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी आई.बी.एम हाइब्रिड क्लाउड डिवीजन की एक इकाई बन जाएगी, जिसमें रेड हैट के सी.ई.ओ जिम व्हाइटहर्स्ट आई.बी.एम की वरिष्ठ प्रबंधन टीम में शामिल होंगे और सी.ई.ओ गिनी रोमेटी को रिपोर्ट करेंगे।

**8.** भारत का पहला ब्लॉकचेन-सक्षम साख पत्र (एल.सी) **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आर.आई.एल) ने** प्राप्त किया**।**

**नोट:** एच.एस.बी.सी होल्डिंग्स पीएलसी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आर.आई.एल) द्वारा अमेरिका स्थित ट्राइकन एनर्जी को निर्यात करने के लिए ब्लॉकचेन का उपयोग करके एक व्यापारिक वित्त समझौता निष्पादित किया है। ब्लॉकचेन-सक्षम साख पत्र (एल.सी) लेनदेन ने इस तरह के सौदों के समय को काफी हद तक कम कर दिया।

**9.** भुगतान समाधान प्रदाता हिताची पेमेंट सर्विस इंडिया ने कार्ड स्वीकृति और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म की स्थापना हेतु संयुक्त उद्यम के लिए **भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई) के** साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**नोट:** प्रस्तावित संयुक्त उद्यम में एस.बी.आई की सर्वाधिक हिस्सेदारी होगी। हिताची पेमेंट सर्विस इंडिया हिताची ग्रुप, जापान के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

**10.** सरकार **नेताजी सुभाष चंद्र बोस की** 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 75 रुपये का सिक्का जारी करेगी।


**नोट:** वित्त मंत्रालय ने 75 रुपये का सिक्का जारी करने के संबंध में अपने निर्देशों के साथ एक अधिसूचना जारी की है। 30 दिसंबर, 1943 को, बोस, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के लिए भारतीय राष्ट्रीय सेना (आई.एन.ए) की स्थापना की थी, ने पोर्ट ब्लेयर सेल्युलर जेल में पहली बार तिरंगा फहराया था। स्मरणीय 75 रुपये का सिक्का 50 प्रतिशत चांदी, 40 प्रतिशत तांबे, और 5 प्रतिशत निकल एवं जस्ता से बना होगा, और इसका वजन 35 ग्राम होगा। इस सिक्के की पृष्ठभूमि पर पोर्ट ब्लेयर सेल्युलर जेल में ध्वज को सलाम करते हुए 'नेताजी सुभाषचंद्र बोस' का चित्र होगा।

**11.** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 11 नवंबर, 2018 को मुंबई में अपना **100वां** स्थापना दिवस मनाया**।**

**नोट:** बैंक की स्थापना 11 नवंबर, 1919 को हुई थी। भारतीय डाक ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट जारी किया, जबकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बैंक द्वारा जारी एक कॉफी टेबल बुक 'ए सेंचुरी ऑफ ट्रस्ट' का विमोचन किया। इस अवसर पर बैंक ने दो प्रकार के डेबिट और क्रेडिट कार्ड, एक नया मोबाइल बैंकिंग ऐप और एम.एस.एम.ई क्षेत्र के लिए ऋण हेतु एक वेब और टैब-सक्षम मॉड्यूल भी लॉन्च किए।

12. केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने सी.पी.एस.ई विनिमय व्यापार कोष (ई.टी.एफ) में तबदीली की है और इसे चार राज्य-





स्वामित्व वाली कंपनियों **एन.टी.पी.सी, एस.जे.वी.एन, एन.एल.सी और एन.बी.सी.सी** में शामिल कर दिया है।

**13.** इस वर्ष अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति एक वर्ष के निचले स्तर पर पहुंच गई -- **3.31%।**

**नोट:** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सी.पी.आई) के आधार पर मुद्रास्फीति 3.7% (सितंबर, 2018 में) और 3.58% (अक्टूबर 2017 में) थी। खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर, 2017 के बाद से न्यूनतम स्तर 3.28% तक पहुंच गई।

**14.** भारत में कुशल ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने के लिए ई.ई.एस.एल को 13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण **एशियाई विकास बैंक** प्रदान करेगा।

**नोट:** ए.डी.बी और ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (ई.ई.एस.एल) ने वैश्विक पर्यावरण सुविधा (जी.ई.एफ) द्वारा प्रदान किए जाने वाले 13 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान पर हस्ताक्षर किए हैं, जो अंतिम उपयोग ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने वाली एक अविरत ए.डी.बी-समर्थित परियोजना के अतिरिक्त वित्त पोषण के लिए है।

**15.** थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर में चार महीने के उच्चतम स्तर **5.28%** पर पहुंच गई।

**नोट:** थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सितंबर में 5.13% और पिछले वर्ष अक्टूबर में 3.68% थी।यह वृद्धि मुख्य रूप से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई है।

**16.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से किफायती आवास खंड में निवेश आकर्षित करने हेतु अपने राज्य आवास कोष को लॉन्च करने की मंजूरी **तमिलनाडु सरकार** को मिली।

**नोट:** तमिलनाडु सरकार ने तमिलनाडु अवसंरचना कोष की स्थापना की है जो प्रथम श्रेणी का वैकल्पिक निवेश कोष है।कोष निवेशकों को सामाजिक और पर्यावरणीय लाभ प्रदान करने के अतिरिक्त लाभ प्रदान करने का एक सामाजिक प्रभाव कोष है।

**17.** भारत में डिजिटल भुगतान लेनदेन की संख्या अगस्त, 2018 में **244.81 करोड़ रुपये** पहुंच गई।

**नोट:** भुगतान की नई विधियों, भीम-यू.पी.आई, ए.ई.पी.एस और एन.ई.टी.सी ने व्यक्ति से व्यक्ति (पी. 2 पी.) के साथ-साथ व्यक्ति से व्यापारी (पी. 2 एम.) भुगतान में वृद्धि करके डिजिटल भुगतान पारिस्थितिक तंत्र को बदल दिया है। अक्टूबर, 2016 में इस तरह के लेन-देन का कुल मूल्य 108.7 लाख करोड़ रुपये था, जो अगस्त, 2018 में 88 प्रतिशत बढ़कर 204.86 लाख करोड़ रुपये हो गया।

**18. यूको बैंक** ने सरकार से पूंजी को बढ़ाने के लिए 7000 करोड़ रुपये प्रदान करने का अनुरोध किया है।

**नोट:** बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात निर्धारित 9% के मुकाबले 7.57% पर गिर गया, जबकि इसका निवल घाटा 2000 करोड़ रुपये की नई गिरावट के कारण सितंबर तिमाही में 1136 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष की इसी अवधि में निवल घाटा 623 करोड़ रुपये था।

**19.** बेंगलुरु में देश में अपनी पहली डिजिटल शाखा खोलने वाला बैंक -- **कर्नाटक बैंक।**

**नोट:** यह बैंक की 821वीं शाखा है।बैंक के निदेशक राममोहन राव बेले ने बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी महाबलेश्वर एम.एस., की उपस्थिति में शाखा का उद्घाटन किया।

**20.** भारतीय रिजर्व बैंक ने दो ऋणदाताओं **ड्यूश बैंक और जम्मू-कश्मीर बैंक** पर विभिन्न मानदंडों की अवज्ञा के लिए 3 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

**नोट:** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि इन दोनों बैंकों पर बैंक द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करने में विफलता को ध्यान में रखते हुए जुर्माना लगाया गया है।

21. कर्नाटक बैंक ने नई बचत बैंक (एस.बी) योजना शुरु की -- **KBL SB – TASC.**

22. भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी) ने भारतीय अवसंरचना वित्त कंपनी लिमिटेड (आई.आई.एफ.सी.एल) को सहायता प्रदान करने के लिए 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

**नोट:** यह प्रॉजेक्ट पी.पी.पी परियोजनाओं के लिए दीर्घकालिक वित्तीय उपलब्धता में वृद्धि करेगा, आई.आई.एफ.सी.एल की परिचालन क्षमता में सुधार करेगा और आई.आई.एफ.सी.एल के लिए उपलब्ध अवसंरचना वित्त-पोषी उपकरणों के पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी। यह प्रॉजेक्ट निजी क्षेत्र में निवेश वृद्धि के माध्यम से अवसंरचना विकास में तेजी लाने के लिए भारत सरकार के नए प्रयासों का समर्थन करता है।

23. जलविद्युत आपूर्ति में वृद्धि के लिए हिमाचल प्रदेश में संचरण प्रणाली सुधार को वित्त पोषित करने हेतु भारत के साथ 105 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर **एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी) ने** हस्ताक्षर किए।
**नोट:** ऋण समझौते पर हस्ताक्षर वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव **समीर कुमार खरे**, ए.डी.बी के भारत स्थानिक मिशन के निदेशक, **केनिची योकोयामा** द्वारा किए गए।

**24.** लघु एवं मध्यम उद्यमों (एस.एम.ई) और किफायती आवास क्षेत्रों के लिए दो फंड **SBICAP Ventures (SVL)** ने शुरु किए हैं।
**नोट**:यह एक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक और एस.बी.आई कैपिटल मार्केट के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

**25.** फिच रेटिंग के अनुसार, भारत की सॉवरेन रेटिंग -- **BBB.**
**नोट:** एजेंसी ने कहा कि अर्थव्यवस्था वर्ष 2018-19 और वर्ष 2019-20 के दौरान विमुद्रीकरण और जी.एस.टी के किसी भी दूरगामी प्रभाव को दूर कर देगी। "फिच ने वित्त वर्ष 19 में 7.3% की वृद्धि और वित्त वर्ष 20 में 7.5% की वृद्धि की भविष्यवाणी की। फिच ने वर्ष 2004 में अपग्रेड के बाद से देश को पहली सॉवरेन रेटिंग दी।

26. अधिक खराब ऋणों के समाधान के लिए एक **परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी** (ए.एम.सी) का गठन किया गया है जिसे कहा जाएगा -- **सशक्त भारत परिसंपत्ति प्रबंधन।**
**नोट:** बैंकर समिति के अध्यक्ष **सुनील मेहता** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के शीघ्र समाधान पर कार्य कर रहे। प्रॉजेक्ट के तहत, समिति को 500 करोड़ रुपये से अधिक की गैर निष्पादित संपत्ति (एन.पी.ए) के समाधान के लिए ए.एम.सी और ए.आई.एफ को कार्यान्वित करना पड़ा।मेहता समिति में भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई) सहित सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हैं।


27. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एन.एस.ई) ने सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदने के लिए खुदरा निवेशकों हेतु **NSE goBID** मोबाइल एप्लिकेशन और वेब-आधारित प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।
**नोट**: प्लेटफॉर्म खुदरा निवेशकों को 91 दिनों, 182 दिनों और 364 दिनों के ट्रेजरी बिलों (टी-बिल) और एक वर्ष से लगभग 40 वर्ष तक के विभिन्न सरकारी बांडों में निवेश करने की अनुमति देगा।

**28. इंडसइंड बैंक** ने बटन वाला भारत का पहला इंटरैक्टिव क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है।
**नोट:** इंडसइंड बैंक ने इंडसइंड बैंक Nexxt क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है, जो ग्राहकों को कार्ड में लगे बटन को दबाते ही प्वाइंट ऑफ सेल (पी.ओ.एस) पर ई.एम.आई, रिवार्ड पॉइंट्स या ऋण जैसे भुगतान विकल्पों के चयन में सक्षम बनाता है। बैंक ने दावा किया है कि यह बटन वाला देश का पहला इंटरैक्टिव क्रेडिट कार्ड होगा।

**29.** वर्ष 2010 के बाद पहली बार **एप्पल** (746.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) को पीछे छोड़कर बाजार पूंजीकरण में 753.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ सबसे मूल्यवान अमेरिकी कंपनी **माइक्रोसॉफ्ट है।**
**नोट:** वर्तमान में, 736.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ अमेजन तीसरे स्थान पर और 725.5 बिलियन अमेरिकी डालर के साथ अल्फाबेट (गूगल की मूल कंपनी) चौथे स्थान पर है। अब, निवेशक मजबूत क्लाउड सेवाओं और सॉफ्टवेयर सेवाओं वाली कंपनियों पर बड़ा जोखिम (सट्टा) उठा रहे हैं, जो बढ़ती मांग साक्षी हैं।

**30.** वित्त मंत्री **अरुण जेटली** वित्त वर्ष 2019-20 के लिए अंतरिम बजट **1 फरवरी** 2019 **को** पेश करेंगे।
**नोट:** अंतरिम बजट की तैयारी पर काम पहले ही शुरू हो चुका है और अब यह तेजी से बढ़ रहा है।





**31.** कुछ चुनिंदा परिपक्वता अवधि के लिए **सावधि जमा** (एफ.डी.) की दरों में वृद्धि करने वाला भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र **भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई) है।**

**नोट:** संशोधित दरों के अनुसार, एस.बी.आई एक से दो वर्ष की परिपक्वता अवधि के साथ एफ.डी. पर 6.8% ब्याज दर (पहले 6.7%) प्रदान कर रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक से दो वर्ष के बीच की अवधि की एस.बी.आई एफ.डी. पर ब्याज दर 7.30% (पहले-7.2%) तक बढ़ गई है। अब, एस.बी.आई दो से तीन वर्ष के बीच की परिपक्वता अवधि के साथ एफ.डी. पर 6.80% ब्याज दर (पहले- 6.75%) प्रदान कर रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक से दो वर्ष के बीच की अवधि पर एस.बी.आई एफ.डी. की ब्याज दर 7.30% (पहले-7.2%) तक बढ़ गई है। एस.बी.आई ने अन्य परिपक्वता अवधि के लिए एफ.डी. की ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी हैं।

**32.** एक प्रमोटर का सार्वजनिक निवेशक के रूप में पुनर्वर्गीकरण करने के लिए नए नियम शुरु करने वाला बाजार नियामक --**भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी)।**

**नोट:** इसके अलावा, प्रमोटर को निदेशक मंडल में कोई अभिवेदन करने या सूचीबद्ध कंपनी में एक मुख्य प्रबंधकीय व्यक्ति के रूप में कार्य करने की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, पुनर्वितरण की मांग करने वाला प्रमोटर एक विलफुल डिफॉल्टर या एक भगोड़ा आर्थिक अपराधी नहीं होना चाहिए।

**33.** रिजर्व बैंक ने अनिवार्य प्रतिरक्षा प्रावधान को कितना कम करके बाह्य वाणिज्यिक उधार (ई.सी.बी) के मानदंडों को कम किया है -- **70% (वर्तमान 100%)।**

**नोट:** कम किए गए मानदंड 3 से 5 वर्ष के बीच की परिपक्वता अवधि के साथ ई.सी.बी पर लागू होंगे।

**34.** ग्राहक के खाते से अपने खाते में धन हस्तांतरण करके ब्रोकर मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए ब्रोकरेज हाउस आनंद राठी पर 1 लाख रुपये का जुर्माना **सेबी ने** लगाया।

**नोट:** नियामक ने ग्राहक के धन, सदस्य खाते के धन का विशुद्ध पृथक्करण सीमांकित किया था और विशिष्ट उदाहरणों के तहत अपवाद के रूप में धन हस्तांतरण की अनुमति दी थी।

35. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एन.एस.ई) ने सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के लिए खुदरा निवेशकों के लिए **NSE goBID** मोबाइल एप्लिकेशन और वेब-आधारित प्लेटफॉर्म लॉन्च किया।

**नोट**: नया ऐप सेबी के अध्यक्ष अजय त्यागी द्वारा लॉन्च किया गया था।

**36.** केंद्र सरकार राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों को मार्च के अंत तक **42,000 करोड़ रुपये** प्रदान करेगी।

**नोट:** इससे पहले, केंद्र सरकार ने बैंकों की वित्तीय अवस्था में सुधार के लिए पांच पी.एस.बी (पी.एन.बी, इलाहाबाद बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, आंध्र बैंक और कार्पोरेशन बैंक) को 11,336 करोड़ रुपये प्रदान किए थे।

**37.** कारोबार सीमा, लाभप्रदता और जनबल के संबंध में अपने दायरे को मापने के लिए **रिजर्व बैंक ने** एक सर्वेक्षण शुरू किया।


**नोट**:आर.बी.आई के अनुसार, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग के साथ पंजीकृत सभी स्टार्टअप कंपनियों को सर्वेक्षण प्रपत्र भेज दिए गए हैं।

## महत्वपूर्ण दिवस

1. **मध्य प्रदेश** के सभी जिलों में पारंपरिक गौरव और भव्यता के साथ अपना 63वां स्थापना दिवस मनाया।

**नोट:** मध्य प्रदेश की स्थापना 1 नवंबर, 1956 को हुई थी, और अब यह आकार में दूसरा सबसे बड़ा भारतीय राज्य है जिसका क्षेत्रफल 3 लाख 8 हजार वर्ग किलोमीटर है। मध्य प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती **आनंदीबेन पटेल** ने स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी। इस वर्ष, समारोह का विषय **मध्य प्रदेश की विरासत** है और सभी कार्यक्रम **लोक एवं शास्त्रीय प्रदर्शनों** पर केंद्रित हैं।





2. विश्व सुनामी जागरूकता दिवस (डब्ल्यू.टी.ए.डी) दुनिया भर **5 नवंबर** को मनाया जाता है।
**नोट:** पहला विश्व सुनामी जागरूकता दिवस दुनिया भर में 5 नवंबर, 2016 को मनाया गया था। वर्ष 2018 में, विश्व सुनामी जागरूकता दिवस को अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस और "सेंडाई सेवन अभियान" के साथ मिलाया जाएगा और आपदा जोखिम में कमी के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के लक्ष्य "C" पर ध्यान केंद्रित करेगा जिसका उद्देश्य सकल घरेलू उत्पाद के संबंध में प्रत्यक्ष आपदा से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करना है।
3. 2018 आयुर्वेद दिवस **5 नवंबर को** मनाया गया।
**नोट:** आयुष मंत्रालय हर वर्ष आयुर्वेद दिवस धनवंतरी जयंती (धनतेरस) पर मनाता है। इस दिवस का उद्देश्य इस क्षेत्र में व्यवसाय के अवसरों के प्रति उद्यमियों और आयुर्वेद हितधारकों को प्रोत्साहित करना है।
4. शांति और विकास हेतु विश्व विज्ञान दिवस हर वर्ष **10 नवंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** यह दिवस समाज में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका और उभरते वैज्ञानिक मुद्दों पर वाद-विवाद में जनता को शामिल करने की आवश्यकता पर विशेष ध्यान देने के लिए मनाया जाता है। मानव अधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा और विज्ञान एवं वैज्ञानिक शोधकर्ताओं की सिफारिश की 70वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वर्ष 2018 का विषय "विज्ञान, एक मानव अधिकार" (Science, a Human Right) है।
5. राष्ट्रीय शिक्षा दिवस **11 नवंबर को** मनाया गया।
**नोट:** देश **मौलाना अबुल कलाम आजाद** के सम्मान में 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाता है। वह एक स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्र भारत के **पहले शिक्षा मंत्री** (वर्ष 1947 से 1958 तक कार्य किया) थे।
6. विश्व निमोनिया दिवस हर वर्ष **12 नवंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** यह दिवस निमोनिया के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है, जो 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए विश्व में सबसे घातक बीमारी है। यह वर्ष विश्व निमोनिया दिवस का 10वां वर्ष है और इसका विषय “Stop Pneumonia: 10 Years of Progress and the path forward” है। इस दिवस का उद्देश्य बचपन में होने वाली निमोनिया और अन्य आम, घातक बीमारियों से निपटने के लिए निरंतर दाता निवेश सहित कार्यवाही उत्पन्न करना है।
7. विश्व मधुमेह दिवस **14 नवंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** विश्व मधुमेह दिवस का विषय ‘परिवार और मधुमेह’ (The Family and Diabetes) है। विश्व मधुमेह दिवस पहली बार वर्ष 1991 में मनाया गया था और इसकी शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन दोनों ने की थी। चयनित दिवस **सर फ्रेडरिक बैंटिंग** का जन्मदिवस था, जो एक चिकित्सकीय वैज्ञानिक थे जिन्होंने इंसुलिन की खोज में सह-योगदान दिया था और वह इंसानों पर इसका उपयोग करने वाले पहले व्यक्ति थे।
8. एंटीबायोटिक प्रतिरोध (ए.एम.आर) के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए विश्व एंटीबायोटिक जागरूकता दिवस **12-18 नवंबर को** मनाया जाता है।
**नोट:** इसका उद्देश्य आम जनता, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और नीति निर्माताओं के बीच बेहतर अभ्यास को प्रोत्साहित करना है ताकि एंटीबायोटिक प्रतिरोधक के संकट और उसके प्रसार से बचा जा सके। डब्ल्यू.एच.ओ के अनुसार, वर्ष 2018 विश्व एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह (डब्ल्यू.ए.ए.डब्ल्यू) अभियान क्षेत्रों और देशों को उनकी अनूठी प्राथमिकताओं को दर्शाने, जागरूकता के विशिष्ट स्तरों और उनके विशिष्ट दर्शकों को नियोजित करने के लिए अधिक लचीलापन प्रदान करना चाहता है।
9. उत्तर प्रदेश से अलग होने के बाद बहुत धूमधाम और आनंद के साथ अपना 18वां स्थापना दिवस मनाने वाला राज्य **उत्तराखंड है।**
**नोट:** उत्तराखंड 9 नवंबर, 2000 को हिमालयी और उत्तर प्रदेश के उत्तर पश्चिमी जिलों से निर्मित भारतीय गणराज्य का 27वां राज्य बना था।
10. विश्व दर्शनशास्त्र दिवस 15 **नवंबर को** मनाया जाता है।



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

**नोट: यूनेस्को** द्वारा नवंबर के प्रत्येक तीसरे गुरुवार को **विश्व दर्शनशास्त्र दिवस** घोषित किया गया था। यह लोगों के लिए विचारों को साझा करने, स्पष्ट रूप से नए विचारों का पता लगाने और चर्चा करने तथा समाज की चुनौतियों पर सार्वजनिक बहस या चर्चा को प्रेरित करने का दिवस है। वर्ष 2002 में, यूनेस्को ने पहली बार विश्व दर्शनशास्त्र दिवस के लिए नवंबर के तीसरे गुरुवार की घोषणा की थी।

**11.** अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस हर वर्ष **16 नवंबर को** मनाया जाता है।

**नोट:** अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस असहिष्णुता के खतरों के बारे में जन जागरूकता पैदा करने के लिए वर्ष 1995 में यूनेस्को द्वारा घोषित वार्षिक दिवस है।

**12.** दुनिया भर में विश्व शौचालय दिवस **19 नवंबर को** मनाया जाता है।

**नोट:** वर्ष 2018 का विषय **'प्रकृति-आधारित समाधान'** (Nature-based solutions) है।इस दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने के लिए क्रिया-कलापों को प्रोत्साहित करना है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 6 (एस.डी.जी 6) का उद्देश्य वर्ष 2030 तक सभी के लिए स्वच्छता एवं पानी की उपलब्धता और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

**13.** देश भर में कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय एकता सप्ताह) **19 से 25 नवंबर, 2018 को** मनाया जाता है।

**नोट:** धर्मनिरपेक्ष निर्माण के लिए संभावित खतरों के विरोध में देश की ताकत और लचीलापन को उजागर करने के लिए यह सप्ताह मनाया जाता है।

**14.** दुनिया भर में विश्व बाल दिवस **20 नवंबर को** मनाया गया।

**नोट:** वर्ष 2018 का विषय 'Children are taking over and turning the world blue' है। अंतर सरकारी संगठन पूरे विश्व में व्यक्तियों, विद्यालयों और निगमों को इस विश्व बाल दिवस पर 'Go Blue' हेतु प्रोत्साहित कर रहा है ताकि वे ऐसी दुनिया का निर्माण कर सके जहां हर बच्चा विद्यलाय जाता हो और वह अनिष्ट से सुरक्षित हो।

**15.** विश्व मत्स्यपालन दिवस (डब्ल्यू.एफ.डी) पूरे विश्व में **21 नवंबर को** मनाया जाता है।

**नोट:** यह दिवस मानव जीवन, पानी और पानी के अंदर और बाहर दोनों स्थान पर जीवन के महत्व को उजागर करने में सहायता करता है। कृषि मंत्री **राधा मोहन सिंह** के अनुसार, 7,522 करोड़ रुपये के मत्स्यपालन एवं जल-कृषि अवसंरचना विकास कोष से उत्पादन में वृद्धि होगी और अधिक नौकरियों का सृजन होगा।

**16.** प्रथम सिख गुरु **गुरु नानक देव जी** की जयंती (549वीं) देश भर में मनाई गई।

**नोट:** इस दिन, दुनिया भर में सिख भक्त गुरुद्वारे जाते हैं और प्रार्थना करते हैं।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पंजाब के गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक से अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक **करतारपुर गलियारे** के निर्माण और विकास को मंजूरी दी।यह पूरे वर्ष पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब की यात्रा करने के लिए तीर्थयात्रियों को एक सरल और आसान मार्ग प्रदान करेगा।**गुरु नानक देव** सिख धर्म के संस्थापक और दस सिख गुरुओं में से प्रथम थे। उनके शब्द सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ में 974 काव्य स्तुतियों के रूप में संकलित हैं।

**17.** राष्ट्रीय दुग्ध दिवस (एन.एम.डी) भारत भर में **26 नवंबर को** मनाया गया।

**नोट:** यह दिवस श्वेत क्रांति के जनक **डॉ. वर्गीस कुरियन** की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाने का विचार पहली बार **संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन** (एफ.ए.ओ) के तहत हर वर्ष 1 जून को मनाए जाने वाले विश्व दुग्ध दिवस की तर्ज पर भारतीय डेयरी संघ (आई.डी.ए) द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

**18.** भारत में संविधान दिवस हर वर्ष **26 नवंबर को** मनाया जाता है।

**नोट:** भारत का संविधान (भारत का सर्वोच्च कानून) **26 नवंबर, 1949** को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था और यह **26 जनवरी, 1950** को लागू हुआ था। संविधान भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है, अपने नागरिकों को न्याय,



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

समानता और स्वतंत्रता के प्रति आश्वस्त करता है, और भाईचारे को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

**19.** संयुक्त अरब अमीरात में स्मरणोत्सव दिवस मनाया गया -- **29 नवंबर।**

**नोट:** यह दिवस नागरिक, सैन्य और मानवीय सेवा के क्षेत्र में अपना जीवन न्योछावर करने वाले अमीराती शहीदों के बलिदान और समर्पण के सम्मान में मनाया जाता है।संयुक्त अरब अमीरात का ध्वज (स्थानीय समय - 8 बजे) देश भर में तीन घंटों के लिए झुका दिया जाएगा, इसके बाद एक मिनट का मौन रखा जाएगा और प्रार्थना होगी।

## श्रद्धांजलियां

1. नाटककार, कवियित्री और लेखिका जिनका मैरीलैंड में एक सहायक प्राप्त जीविका केंद्र में निधन हो गया -- **नटोज़ेक शांजे।**

   **नोट:** नटोज़ेक शांजे की सबसे प्रशंसित रचना वर्ष 1975 का टोनी पुरस्कार-नामित नाटक "For Colored Girls Who Have Considered Suicide/When the Rainbow is Enuf" है। "For Colored Girls" सात अश्वेत महिलाओं द्वारा अनुभव किए गए नस्लवाद, लिंगवाद, हिंसा और बलात्कार का वर्णन करता है। उन्होंने ब्राउन यूनिवर्सिटी और डी पॉल यूनिवर्सिटी सहित कई कॉलेजों में अध्यापन कार्य भी किया।

**2.** प्रसिद्ध भजन गायक **विनोद अग्रवाल का** उत्तर प्रदेश में मथुरा स्थित नायाती अस्पताल में निधन हो गया।

   **नोट:** वह अधिकतर भगवान कृष्ण के भजन गाते थे। विनोद अग्रवाल ने सिंगापुर, इटली, ब्रिटेन, स्विट्ज़रलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, कनाडा और दुबई सहित दुनिया भर में 1500 से अधिक लाइव शो किए थे। वह भगवान कृष्ण के प्रति अपने प्रेम के लिए वृंदावन में बस गए थे।

3. वर्ष 1971 के बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आई.एन.एस कमोर्ता के कमान अधिकारी वाइस-एडमिरल (सेवानिवृत्त) **एम.पी. अवाती का** निधन हो गया।

   **नोट:** श्री अवाती वर्ष 1971 के बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आई.एन.एस कमोर्ता के कमान अधिकारी थे, और उन्होंने लगभग एक पखवाड़े तक शत्रु के हमले का सफलतापूर्वक सामना किया था। उन्हें उनकी नेतृत्व क्षमता और बहादुरी के लिए वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। उन्हें भारतीय नौसेना के सर्कमनैविगेशन एडवेंचरों का जनत भी कहा जाता था।

**4.** वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री **अनंत कुमार** का बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।

   **नोट:** वह कैंसर से पीड़ित थे और मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर, न्यूयॉर्क में इलाज करवाने के बाद अक्टूबर में अमेरिका से वापस आए थे। दक्षिण बेंगलुरू लोकसभा सीट से छह बार के संसद सदस्य श्री अनंत कुमार वर्ष 1996 से लगातार अपनी सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

**5.** प्रख्यात अर्थशास्त्री और अर्थशास्त्री विभाग के अध्यक्ष **टी.एन. श्रीनिवासन का** निधन चेन्नई में हो गया।

   **नोट:** अर्थशास्त्र विकास में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने तकनीकों की चयन पर अपने चिकित्सकीय लेख लिखे और येल यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र (वर्ष 1962) में पी.एच.डी की डिग्री प्राप्त की।जब अर्थव्यवस्था संकीर्ण थी तब उन्होंने योजना आयोग में भी कार्य किया।

**6.** मार्वल कॉमिक्स यूनिवर्स के बुद्धिजीवियों में से एक **स्टेन ली** जिनका 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

   **नोट:** ली ने वर्ष 1961 में मार्वल कॉमिक्स के लिए फैन्टास्टिक फोर की रचना की थी।ली स्पाइडर-मैन, एक्स-मैन, एवेंजर्स, द फैन्टास्टिक फोर और ब्लैक पैंथर सहित दर्जनों कॉमिक्स-बुक के नायकों के रचनाकार थे।ली का जन्म 28 दिसंबर, 1922 को रोमानिया से यहूदी



प्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

आप्रवासियों के पुत्र के रूप में न्यूयॉर्क में स्टेनली मार्टिन लाइबर के रूप में हुआ था।

**7.** एशिया की पहली महिला न्यूरोसर्जन जिनका चेन्नई में निधन -- **टी.एस. कनाका।**

**नोट:** डॉ. कनाका वर्ष 1990 में मद्रास मेडिकल कॉलेज (एम.एम.सी) के न्यूरोलॉजी संस्थान की न्यूरोसर्जरी प्रोफेसर के रूप में सेवानिवृत्त हुईं थीं। वह देश में न्यूरोसर्जरी क्षेत्र को अपनाने के लिए कई महिलाओं की प्रेरणा के रूप में जानी जाती थीं। "वह पूरे विश्व में तीसरी महिला न्यूरोसर्जन थीं।

8. विज्ञापन गुरु **एलीक पदमसी का** मुंबई में निधन हो गया।

**नोट:** श्री पदमसी ऐतिहासिक नाटक "गांधी" (वर्ष 1982 में) में मोहम्मद अली जिन्ना की भूमिका के लिए सर्वाधिक लोकप्रिय थे।उन्हें पद्मश्री (वर्ष 2000 में) से सम्मानित किया गया, मुंबई में द एडवर्टाइजिंग क्लब द्वारा एडवर्टाइजिंग मैन ऑफ द सेंच्युरी का खिताब दिया गया।

**9.** महावीर चक्र पुरस्कार विजेता ब्रिगेडियर **कुलदीप सिंह चांदपुरी (सेवानिवृत्त)** का पंजाब के मोहाली स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।

**नोट:** श्री चांदपुरी को वर्ष 1971 की लोंगेवाला की लड़ाई के नायक के रूप में जाना जाता है।**लोंगेवाला की लड़ाई** वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान पश्चिमी क्षेत्र में पहली बड़ी लड़ाईयों में से एक थी, जो राजस्थान के थार मरुस्थल में भारतीय सीमा की लोंगेवाला पोस्ट पर पाकिस्तानी सेनाओं और भारतीय रक्षकों के बीच लड़ी गई थी।

**10.** त्रिवेणी धाम के सम्मानित संत **नारायण दास महाराज** का जयपुर में निधन हो गया।

**नोट:** उन्हें जनवरी, 2018 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की और फिर इसे राजस्थान सरकार को सौंप दिया।

**11.** केरल से लोकसभा सांसद **एम.आई. शानवास** का चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।

**नोट:** वह वर्ष 2009 में और फिर वर्ष 2014 में लोकसभा के लिए चुने गए थे। वर्तमान में, वह केरल प्रदेश कांग्रेस समिति (के.पी.सी.सी) के अध्यक्ष पद पर काम कर रहे थे।

**12.** प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व बीजेडी सांसद **वैष्णव चरण पारिदा** का भुवनेश्वर, ओडिशा में निधन हो गया।

**नोट:** उन्होंने वर्ष 2010 से 2016 तक राज्य सभा में बीजेडी सदस्य के रूप में कार्य किया।इससे पहले, वह वर्ष 1999-2018 तक समाजवादी पार्टी की ओडिशा यूनिट के अध्यक्ष थे।

**13.** शास्त्रीय संगीत के समर्थक **उस्ताद इमरत खान** एक बीमारी के बाद अमेरिका में निधन हो गया।

**नोट:** श्री खान ने दुनिया भर में सितार और सुरबहार का प्रचार करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। इमरत खान ने पिछले वर्ष यह कहकर पद्मश्री पुरस्कार ठुकरा दिया था कि उन्हें सम्मान देने में बहुत विलंब किया गया और उनकी उपलब्धियों को कम आंका गया।


**14.** पूर्व रेल मंत्री, **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सी.के. जाफर शरीफ** का बेंगलुरु में निधन हो गया।

**नोट:** उन्होंने पी.वी. नरसिम्हा राव की सरकार में रेल मंत्री का पद संभाला था (1991 से 1995 तक)। शरीफ ने संसद सदस्य के रूप में आठ कार्यकालों में सेवा की, जिसमें से अंतिम वर्ष 1999 से 2000 तक का था।जाफर शरीफ का जन्म मैसूर साम्राज्य (अब कर्नाटक) के चित्रदुर्ग जिले में हुआ था।

**15.** प्रसिद्ध गायक **मोहम्मद अजीज** का मुंबई में निधन हो गया।

**नोट:** मोहम्मद अजीज़ ने अपने तीन दशकीय लंबे करियर में 20,000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए। अजीज़ के कुछ प्रसिद्ध गीतों में "मर्द तांगे वाला" (बॉलीवुड में पहला गीत) 'इमली का बूटा', 'आपके आ जाने से', 'एक दूसरे से करते हैं प्यार हम', 'रोज रोज आंखों तले', 'आंखों ही आंखों में', 'लाल दुपट्टा मलमल का' और 'माई नेम इज लखन' शामिल हैं।





**16.** इटली के फिल्म निर्माता **बर्नार्डो बर्टोलूची** का रोम स्थित अपने आवास पर निधन हो गया।

**नोट:** बर्टोलूची ने "द लास्ट इम्परर" के लिए ऑस्कर जीता और उनके श्रृंगारिक नाटक "लास्ट टैंगो इन पेरिस" ने दुनिया को सम्मोहित कर चौंका दिया।

## नई नियुक्तियां

**1.** वरिष्ठ आई.पी.एस अधिकारी **एस.एस. देसवाल को** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आई.टी.बी.पी) का प्रमुख नियुक्त किया गया।
**नोट:** उन्हें आर.के. पचनंदा के स्थान पर नियुक्त किया गया है। श्री देसवाल अगले आदेश तक सशस्त्र सीमा बल (एस.एस.बी) के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आई.टी.बी.पी) भारत के पांच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक है, जिसकी स्थापना 1962 के भारत-चीन युद्ध के चलते 24 अक्टूबर, 1962 में हुई थी।

**2.** अमेरिका में एक अंतर्राष्ट्रीय टीवी शो में प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफ.टी.आई.आई) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले अभिनेता **अनुपम खेर है।**
**नोट:** अनुपम खेर को 11 अक्टूबर, 2017 को एफ.टी.आई.आई अध्यक्ष नियुक्त किया गया था (गजेंद्र चौहान के स्थान पर)। **फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान** (एफ.टी.आई.आई) भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान है।

**3.** ईरान में भारतीय राजदूत के रूप में नियुक्त वरिष्ठ राजनयिक **गद्दाम धर्मेंद्र है।**
**नोट:** वह सौरभ कुमार की जगह लेंगे, जिन्हें म्यांमार में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया था। वर्तमान में, श्री धर्मेंद्र एम.ई.ए में अतिरिक्त सचिव हैं। भारत और चीन उन आठ देशों में से हैं जिन्हें ईरानी प्रतिबंधों से दुर्लभ अस्थाई छूट दी गई है।

**4.** अशोक लेलैंड के सी.ई.ओ और प्रबंध निदेशक **विनोद दसारी ने** व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए कंपनी से इस्तीफा देने की घोषणा की।
**नोट:** कंपनी बोर्ड ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है, वे 31 मार्च, 2019 तक मौजूदा पद पर कार्य जारी रखेंगे। अंतरिम अवधि में, कंपनी के चेयरमैन धीरज हिंदुजा कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उत्तरदायित्व संभालेंगे।


5. फ्लिपकार्ट ग्रुप के सी.ई.ओ पद से **बिन्नी बंसल ने** इस्तीफा दिया।

**6.** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सी.सी.आई) के अध्यक्ष के रूप में **अशोक कुमार गुप्ता को** नियुक्त किया गया है।
**नोट:** उन्होंने कार्यवाहक अध्यक्ष सुधीर मित्तल की जगह ली। सी.सी.आई प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 के तहत स्थापित अर्ध-न्यायिक सांविधिक निकाय है। यह अक्टूबर, 2003 में स्थापित किया गया था और मई, 2009 में पूरी तरह से क्रियाशील हो गया।

**7.** लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने लोकसभा महासचिव **स्नेहलता श्रीवास्तव** का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया।
**नोट:** वह मध्य प्रदेश कैडर से 1982 बैच की आई.ए.एस अधिकारी हैं। उनके कार्यकाल का विस्तार 1 दिसंबर से अगले वर्ष 30 नवंबर तक प्रभावी होगा।

**8.** केरल उच्च न्यायालय ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आई.यू.एम.एल) के विधायक **के.एम. शाजी** को एक याचिका पर अयोग्य घोषित कर दिया जिसमें यह दावा किया गया है कि उन्होंने वर्ष 2016 में विधानसभा चुनाव जीतने के लिए धर्म का इस्तेमाल किया था।
**नोट:** अयोग्य घोषित किए गए के.एम. शाजी ने वर्ष 2016 में अज़िकोड विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। अदालत ने एल.डी.एफ उम्मीदवार एम.वी. निकेश कुमार द्वारा दायर याचिका पर फैसला दिया, जिन्होंने श्री





शाजी के खिलाफ चुनाव लड़ा था (2,287 मतों के अंतर से जीत)।

9. एशिया और प्रशांत के लिए अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक (बी.आई.एस) के मुख्य प्रतिनिधि के रूप में **सिद्धार्थ तिवारी को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** 1 नवंबर को अपना नया पदभार ग्रहण करने वाले तिवारी ने एली रेमोलोना की जगह ली, जो वर्ष 2008 से 2018 तक एशियाई कार्यालय की मुख्य प्रतिनिधि थीं।तिवारी ने वैश्विक वित्तीय शासन प्रणाली पर G20 प्रतिष्ठित व्यक्ति समूह के कार्यकारी सचिव के रूप में कार्य किया है। उन्होंने शिकागो यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में एम.ए. और पी.एच.डी की है।

10. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सऊदी अरब के अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवानिवृत्त सेना जनरल **जॉन एबिज़ैद** के नामांकन की घोषणा की।
**नोट:** एबिज़ैद लेबनानी ईसाई समुदाय के एक स्पष्ट अरबी वक्ता हैं, जिन्होंने यूएस सेंट्रल कमांड का नेतृत्व किया - जिसने वर्ष 2003 से 2007 तक अमेरिकी हमले के कुछ ही समय बाद इराक युद्ध के दौरान मध्य पूर्व को कवर किया।

11. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 24वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में **न्यायमूर्ति संजय कुमार सेठ ने** शपथ ग्रहण की।
**नोट:** राज्य की राज्यपाल **आनंदी बेन पटेल** ने एक समारोह में न्यायमूर्ति सेठ को पद की शपथ दिलाई। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने से पहले, उन्होंने एक अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में कार्य किया था। उन्हें 24 जुलाई, 1981 को एक वकील के रूप में नामांकित किया गया था और उन्होंने जबलपुर में अभ्यास किया।

12. रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का अतिरिक्त पदभार **डी.वी. सदानंद गौड़ा ने** संभाला।
**नोट:** अनंत कुमार के निधन के बाद इस कदम की आवश्यकता थी। वह वर्तमान में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री हैं।

13. यस बैंक के अध्यक्ष पद से **अशोक चावला ने** इस्तीफा दिया।
**नोट:** एयरसेल-मैक्सिस मामले के भ्रष्टाचार आरोप पत्र में नाम आने के बाद चावला के पद पर बने रहने के संबंध में बैंक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक से राय मांगने के कुछ दिन बाद उनका इस्तीफा आया। चावला, वित्त मंत्रालय के पूर्व सचिव, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

14. न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप साही ने **पटना उच्च न्यायालय** के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली।
**नोट:** बिहार के राज्यपाल **लालजी टंडन** ने पद की शपथ दिलाई। पटना उच्च न्यायालय बिहार राज्य का उच्च न्यायालय है, जिसकी स्थापना 3 फरवरी, 1916 को हुई थी।

15. यू.आई.डी.ए.आई प्रमुख अजय भूषण पांडे **राजस्व सचिव के** पद पर नियुक्त किए जाएंगे।
**नोट:** वह वर्तमान वित्त एवं राजस्व सचिव हसमुख अधिया (30 नवंबर, 2018 को सेवानिवृत्त) की जगह लेंगे। श्री पांडे अगले आदेश तक यू.आई.डी.ए.आई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और माल एवं सेवा कर नेटवर्क (जी.एस.टी.एन) के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

16. भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आई.डब्ल्यू.ए.आई) का अध्यक्ष **जलज श्रीवास्तव को** नियुक्त किया गया है।
**नोट:** वर्तमान में श्री श्रीवास्तव कृषि मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं। आई.डब्ल्यू.ए.आई केंद्रीय परिवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

17. दो वर्ष की अवधि के लिए **इंटरपोल अध्यक्ष किम जोंग यांग (दक्षिण कोरिया) को** चुना गया है।
**नोट:** उन्होंने मेंग हांग्वेई (चीन की सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री) की जगह ली, जिन पर चीनी अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों पर उन्हें हिरासत में लेने और फिर गायब होने के बाद एक हस्ताक्षर किए हुए डाक पत्र



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

(अक्टूबर, 2018 में) से इस्तीफा देने का आरोप लगाया गया था। यह निर्णय दुबई (पहली बार), संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित एजेंसी की 87वीं महासभा में लिया गया था। **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन** एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग की सुविधा प्रदान करता है।

**18.** **दिल्ली के मुख्य सचिव** के पद पर नियुक्त वरिष्ठ आई.ए.एस अधिकारी **विजय कुमार देव है।**
**नोट:** वह अंशु प्रकाश की जगह लेंगे (पिछले सप्ताह दूरसंचार विभाग के अतिरिक्त सचिव के रूप में स्थानांतरित)। इससे पहले, श्री देव ने दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में कार्य किया है। मुख्य सचिव भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की लोक सेवाओं में नियोजित सबसे उच्च पद है।

**19.** बाल अधिकारों हेतु लड़ने के लिए **यूनिसेफ** द्वारा उत्तर पूर्वी क्षेत्र के पहले **'युवा वकील'** के रूप में **नहिद आफरीन को** नियुक्त किया गया।
**नोट:** यूनिसेफ 'युवा वकीलों' को सामाजिक परिवर्तन के दूत के रूप में अपनी आवाज उठाने के लिए नियुक्त करता है। नाहिद ने वर्ष 2016 में सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत बॉलीवुड फिल्म 'अकीरा' में अपने पार्श्व गायिका करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने असम राज्य फिल्म पुरस्कार 2018 में सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का पुरस्कार प्राप्त किया था।

**20.** भारत के नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सी.ई.सी) के पद पर **सुनील अरोड़ा को** नियुक्त किया गया**।**
**नोट:** श्री अरोड़ा (62 वर्षीय) ने मौजूदा सी.ई.सी श्री ओम प्रकाश रावत की जगह ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राष्ट्रीय और राज्य विधान मंडल के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने वाले संवैधानिक निकाय भारतीय निर्वाचन आयोग का प्रमुख होता है। चुनाव आयोग का मुख्यालय नई दिल्ली में है।

**21.** दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सी.ई.ओ) के पद पर **रणबीर सिंह को** नियुक्त किया गया**।**
**नोट:** श्री सिंह ने विजय कुमार देव की जगह ली, जिन्हें राष्ट्रीय राजधानी का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। इससे पहले, रणबीर सिंह ने पूर्वी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त के रूप में कार्य किया था।

**22.** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एन.एस.डी.सी) के अध्यक्ष के रूप में **श्री ए.एम. नाइक को** नियुक्त किया गया**।**
**नोट:** श्री **ए.एम. नाइक** लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एल एंड टी) के समूह अध्यक्ष हैं। एन.एस.डी.सी ने मजबूत उद्योग साझेदारी के साथ कौशल विकास के संयोजन से एक अद्वितीय मॉडल विकसित किया है। एन.एस.डी.सी का उद्देश्य बड़े, गुणवत्तापूर्ण और लाभकारी व्यावसायिक संस्थानों के निर्माण को उत्प्रेरित करके कौशल विकास को बढ़ावा देना है।

**23.** मोबाइल कम्युनिकेशंस (एम.सी) कंपनी के अध्यक्ष पद पर नियुक्त एल.जी. की होम एंटरटेनमेंट कंपनी के अध्यक्ष **ब्रायन क्वॉन है।**
**नोट:** वर्तमान अध्यक्ष हवांग जेआंग-हवान एल.जी. के अभिसरण व्यापार विकास कार्यालय के प्रमुख के रूप में ध्यान केंद्रित करेंगे। **एल.जी. इलेक्ट्रॉनिक्स इनकॉर्पोरेशन** एक दक्षिण कोरियाई बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है जिसका मुख्यालय सियोल, दक्षिण कोरिया में है। एल.जी. में चार व्यवसायिक इकाइयां: होम एंटरटेनमेंट, मोबाइल कम्युनिकेशंस, होम एप्लायंस एंड एयर सॉल्यूशन, और व्हीकल कंपोनेंट्स शामिल हैं।

**24.** यूनिसेफ की नई सद्भावना राजदूत के रूप में नियुक्त एम्मी अवॉर्ड नामित ब्रिटिश अभिनेत्री -- **मिली बॉबी ब्राउन।**
**नोट:** वह मनोरंजन, सरकार, खेल और व्यापार जगत के उन सितारों और नेताओं से साथ शामिल हुईं जो बच्चों के अधिकारों के समर्थन से जुड़ी गतिविधियों में कार्य कर रहे हैं।



फ्री टेस्ट
बैंक, एसएससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें


**यूनिसेफ युवा राजदूत:**

| नाम | पेशा | राजदूत |
|---|---|---|
| **वांग युआन (रॉय वैंग), 18 वर्षीय** | गायक (चीन) | यूनिसेफ चीन |
| **हिमा दास (18-वर्ष)** | एथलीट (भारत) | यूनिसेफ भारत |
| **हिना एसेफी वार्डेक (15-वर्षीय)** | टेलीविजन प्रस्तुतकर्ता (अफगानिस्तान) | यूनिसेफ अफगानिस्तान |
| **सोनम वांगचेन (16-वर्षीय)** | गायक, गीतकार, संगीतकार (भूटान) | यूनिसेफ भूटान |
| **एल सिस्तेमा** | वेनेज़ुएला का नेशनल चिल्ड्रेन ऑर्केस्ट्रा (वेनेज़ुएला) | यूनिसेफ वेनेज़ुएला |

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारत ईज़ ऑफ डुइंग बिजनेस रैंकिंग में 23 पायदानों की छलांग लगाकर अब **77वें** स्थान पर है।
   **नोट:** अब, भारत लगातार दूसरे वर्ष के लिए शीर्ष दस उन्नतिशील देशों में से एक के रूप में पहचाना जाता है। सबसे अधिक लाभ भवन-निर्माण परमिट में हुआ जहां भारत बाधाओं को दूर करने के लिए लक्षित सरकारी प्रयासों की सहायता से 129 पायदान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गया। **ईज़ ऑफ डुइंग बिजनेस इंडेक्स** विश्व बैंक समूह में शिमोन जैंकोव द्वारा बनाया गया एक सूचकांक है। रिपोर्ट के लिए अकादमिक शोध प्रोफेसर ओलिवर हार्ट और आंद्रेई श्लेइफर के साथ संयुक्त रूप से किया गया था।
2. मिजोरम के वैरेंग्टे स्थित एक जंगल वारफेयर स्कूल में प्रारंभ होने वाला पहला भारत-जापान थल सेना अभ्यास - - **धर्म गार्जियन-2018.**
   **नोट:** जापानी सेना का प्रतिनिधित्व 32वीं इन्फैंट्री बटालियन द्वारा किया जा रहा है, जबकि भारतीय सेना की ओर से 6/1 गोरखा राइफल्स भाग ले रही है। यह वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ सामरिक कौशल और दोनों देशों के सैन्य बलों के बीच अंतःक्रियाशीलता बढ़ाएगा।
3. गोआ में आयोजित होने वाले 49वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आई.एफ.एफ.आई) -2018 में दिखाई जाने वाली पहली मलयालम फिल्म -- **ओलू।**
   **नोट:** तेरह सदस्यों की फीचर फिल्म ज्यूरी में सम्मानित फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक राहुल रावैल अध्यक्षता में थे। ज्यूरी ने आदित्य सुहास जांबले द्वारा निर्देशित ओपनिंग नॉन-फीचर फिल्म के रूप में मराठी फिल्म खारवास का चयन किया।
4. **कर्मचारी भविष्य निधि संगठन** में पिछले दो वर्षों में 1 करोड़ से अधिक सदस्यों को शामिल किया गया है।
   **नोट:** असंगठित क्षेत्र में अधिक से अधिक श्रमिकों को ई.पी.एफ.ओ के तहत लाने के लिए यह सरकार का स्थाई प्रयास है। असंगठित क्षेत्र में लगभग 40 करोड़ लोग काम कर रहे हैं और सरकार उनके प्रति अधिक चिंतित है।
5. नीति आयोग और **विकास अनुसंधान केंद्र** (डी.आर.सी), **पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना स्टेट काउंसिल** के बीच चौथी वार्ता **मुंबई में** आयोजित की गई।
   **नोट:** चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री ली.वेई. (डी.आर.सी के अध्यक्ष) ने किया और भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डॉ. राजीव कुमार (नीति आयोग के उपाध्यक्ष) ने किया। डी.आर.सी- नीति आयोग वार्ता दोनों पक्षों के लिए दोनों देशों को प्रभावित करने वाले प्रमुख वृहत-आर्थिक मुद्दों और पारस्परिक हित के क्षेत्रों पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है।
6. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एन.एम.सी.जी) ने संयुक्त राष्ट्र आवास के साथ साझेदारी में **'Urban Cafe: River for Habitat'** नीति संवाद आयोजित किया।
   **नोट:** इस क्षेत्र के विशेषज्ञों ने मानव सभ्यता के विभिन्न पहलुओं के साथ नदियों के प्रगाढ़ सहयोग पर चर्चा करने के लिए साथ मिलकर काम किया।





**7.** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एम.एस.एम.ई) समर्थन एवं पहुंच कार्यक्रम **नई दिल्ली में** शुरू किया।
**नोट:** 23वां संस्करण प्रधान मंत्री और गृह मंत्री एच.ई. शेख अब्दुल्ला बिन नासेर बिन खलीफा अल थानी के संरक्षण में आयोजित किया जाएगा और स्थानीय, क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार खेल समुदाय को एक साथ लाएगा। यह पहली बार होगा जब विश्व कॉर्पोरेट खेल (लगभग 30 वर्ष पहले स्थापित) में ईस्पोर्ट्स और माइंडस्पोर्ट्स शामिल हैं।

6. हिंद महासागर तटीय सहयोग संघ (आई.ओ.आर.ए) की 18वीं मंत्रिपरिषद बैठक **डरबन, दक्षिण अफ्रीका में** आयोजित की गई।
**नोट: जनरल डॉ. वी.के. सिंह** (सेवानिवृत्त), विदेश राज्य मंत्री ने आई.ओ.आर.ए मंत्रिपरिषद की बैठक में भाग लिया। यह बैठक **महात्मा गांधी** की जयंती के 150वें वर्ष और **नेल्सन मंडेला** की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुई थी।

7. भारत ने प्रत्यर्पण संधि, परमाणु ऊर्जा और वीज़ा छूट के लिए **मालावी** देश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
**नोट: टी.एस. तिरुमुर्ती** (सचिव, विदेश मंत्रालय) के अनुसार, भारतीय सचिवालय और मलावी ने प्रत्यर्पण संधि, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग और राजनयिक एवं आधिकारिक पासपोर्ट के लिए वीजा छूट पर तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत 18 जल परियोजनाओं के लिए मलावी को दी जाने वाली 215 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सीमा में विस्तार भी करेगा।इससे पहले, श्री नायडू ने मलावी के राष्ट्रपति पीटर आर्थर मुथारिका से मुलाकात की।


8. भारतीय खाद्य एवं कृषि क्रेता विक्रेता बैठक **जेद्दाह में** आयोजित की गई।
**नोट:** सऊदी अरब खाड़ी देशों में भारत के सबसे महत्वपूर्ण व्यापार भागीदारों में से एक है और संयुक्त अरब अमीरात के बाद भारत का एक प्रमुख एफ.डी.आई भागीदार है। सऊदी अरब में भारत का निर्यात वर्ष 2017 में 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। भारत द्वारा सऊदी अरब में निर्यात किए जाने वाले प्रमुख उत्पाद चावल, रसायन, परिशोधित पेट्रोलियम तेल और मोटर वाहन और इसके पार्ट्स थे।

9. दुनिया के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आ.ई) समाचार उद्घोषक का पदार्पण **चीन में** हुआ।
**नोट:** दुनिया के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई) समाचार उद्घोषक ने पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत में जारी पांचवें विश्व इंटरनेट सम्मेलन में शुरुआत की। ए.आई समाचार उद्घोषक संयुक्त रूप से सिन्हुआ और चीनी सर्च इंजन कंपनी, Sogou.com द्वारा विकसित किया गया था। ए.आई समाचार उद्घोषक रिपोर्टिंग टीम का सदस्य बन गया और यह दिन के 24 घंटे अपनी आधिकारिक वेबसाइट और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर काम करके समाचार उत्पादन की लागत को कम कर सकता है और दक्षता में सुधार कर सकता है।

10. आसियान शिखर सम्मेलन का 33वां संस्करण **सिंगापुर में** हुआ।
**नोट:** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और आसियान की संयुक्त बैठकों में भाग लिया उन्होंने आई.एम.एफ की प्रबंध निदेशक, क्रिस्टीन लैगार्ड के साथ फिनटेक सम्मेलन के दौरान दर्शकों को संबोधित किया।

11. वाणिज्य मंत्री ने **सिंगापुर में** आयोजित आर.सी.ई.पी बैठक के लिए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।





**नोट:** आर.सी.ई.पी सदस्यों में 10 आसियान सदस्य (ब्रुनेई कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, थाईलैंड, फिलीपींस, लाओस और वियतनाम) और उनके 6 मुक्त व्यापार समझौते वाले भागीदार (भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) शामिल हैं।आर.सी.ई.पी वह समझौता है जिसका लक्ष्य माल, सेवाओं, निवेश, आर्थिक और तकनीकी सहयोग, प्रतिस्पर्धा और बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा करना है।

12. उप-राष्ट्रपति नायडू **फ्रांस** की तीन दिवसीय यात्रा पर गए थे।
**नोट:** उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित पेरिस शांति फोरम में भाग लिया। पेरिस शांति फोरम का उद्देश्य बहुपक्षवाद, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक संचालित संस्थानों के सुधार के महत्व की पुष्टि हेतु एक वैश्विक मंच स्थापित करना है।

13. इंटेक्स दक्षिण एशिया के चौथे संस्करण का उद्घाटन **कोलंबो में** किया गया।
**नोट:** यह समारोह वर्ल्डएक्स इंडिया एक्जीबीशन एंड प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सूती वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद (TEXPROCIL), भारतीय खुदरा विक्रेता संघ, भारतीय वस्त्र निर्माता संघ, भारतीय वस्त्र उद्योग संघ (सी.आई.टी.आई) के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया है।

14. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति **इब्राहिम मोहम्मद सोलिह** के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।
**नोट:** भारत अपनी साझेदारी को अधिक गहरा बनाने में मालदीव के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद कर रहा है।

15. अंतर्राष्ट्रीयय दूरसंचार संघ (आई.टी.यू) परिषद के सदस्य के रूप में अगले 4 वर्ष (2019-2022) की अवधि के लिए **भारत को** पुन: निर्वाचित किया गया है।
**नोट:** परिषद के चुनाव दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में जारी आई.टी.यू साधिकार सम्मेलन 2018 के दौरान आयोजित किए गए थे। अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आई.टी.यू) संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में दूरसंचार संचालन और सेवाओं का समन्वय करना है।


16. वर्ष 2019 से 2022 तक अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ परिषद (आई.टी.यू) के सदस्य के रूप में **भारत को** चुना गया।
**नोट: अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ** संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है, जो सरकारों (सदस्य राष्ट्रों) और निजी क्षेत्र (क्षेत्र के सदस्य, सहयोगी और अकादमिक) के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सिद्धांत पर स्थापित है। वर्तमान में, आई.टी.यू की सदस्यता 193 देशों और लगभग 800 निजी क्षेत्र की संस्थाओं और अकादमिक संस्थानों के पास है।

17. उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने **फ्रांस में** स्थित विलर्स ग्युसलेन में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया।
**नोट:** पेरिस में आर्क डी ट्रायम्फ स्मारक के मुख्य समारोह की अध्यक्षता फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रॉन ने की थी।उप-राष्ट्रपति ने यूनेस्को के महानिदेशक, ऑड्रे अज़ौले से भी मुलाकात की।

18. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **सिंगापुर में** आयोजित आसियान-भारत ब्रेकफास्ट शिखर सम्मेलन में भाग लिया।
**नोट: दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्र संगठन** (आसियान) एक क्षेत्रीय अंतर सरकारी संगठन है जिसमें 10 दक्षिणपूर्व एशियाई देश शामिल हैं, जो अंतर सरकारी सहयोग को बढ़ावा देते हैं और अपने सदस्यों राष्ट्रों और अन्य एशियाई देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सुरक्षा, सैन्य, शैक्षणिक और सामाजिक-सांस्कृतिक एकीकरण की सुविधा प्रदान करते हैं। आसियान के सदस्य देश **इंडोनेशिया, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, फिलीपींस, वियतनाम, म्यांमार, कंबोडिया, ब्रुनेई** और **लाओस** हैं।

19. बिजली की बढ़ती मांग के बीच वर्ष 2030 से पहले अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए बिजली क्षेत्र से कार्बन





डाइऑक्साइड का दूसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक राष्ट्र **भारत** बन जाएगा।
**नोट:** पेरिस स्थित आई.ई.ए ने रिपोर्ट में कहा कि भारत के बिजली क्षेत्र से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन वर्ष 2040 तक लगभग 80 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि वायु अनुकूलन द्वारा संचालित बिजली का उपयोग लगभग तीन गुना हो गया है। **चीन सबसे बड़ा उत्सर्जक देश** बना रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार, बिजली की मांग और उत्सर्जन में उछाल के बाद भी, भारत की प्रति व्यक्ति बिजली खपत दुनिया के सबसे निचले स्तर पर रहेगी।

**20.** विश्व सहिष्णुता शिखर सम्मेलन पहली बार **यू.ए.ई, दुबई** में शुरु हुआ।
**नोट:** दो दिवसीय शिखर सम्मेलन संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस के अनुरूप किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन का विषय 'अनेकता से समृद्धि : नवाचार एवं सहयोग के माध्यम से विविधता को अपनाना' (Prospering from Pluralism: Embracing Diversity through Innovation and Collaboration) था।

**21.** ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने किस विशेषण को **वर्ड ऑफ द ईयर** घोषित किया है -- **toxic.**
**नोट:** विशेषण 'Toxic' को 'विषाक्त' के रूप में परिभाषित किया जाता है। शब्द 'Toxic' को उस संक्षिप्त सूची से चयनित किया गया था जिसमें **'gaslighting,' 'incel'** और **'techlash** जैसे शब्द शामिल थे।

**22.** भारत और यूनाइटेड किंगडम ने **कैंसर अनुसंधान के** सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए हैं।
**नोट:** अगले पांच वर्षों के लिए कैंसर अनुसंधान में सहयोग की दृष्टि से भारत-यू.के. कैंसर अनुसंधान पहल के लिए जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डी.बी.टी) और कैंसर रिसर्च यू.के (सी.आर.यू.के) के बीच एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

23. **पपुआ न्यू गिनी में** आयोजित **एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग** (ए.पी.ई.सी) शिखर सम्मेलन नेताओं के साथ औपचारिक संयुक्त अभिव्यक्ति पर सहमत होने में असफल रहा।
**नोट:** एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (ए.पी.ई.सी) एशिया-प्रशांत की बढ़ती आपसी निर्भरता का लाभ उठाने के लिए वर्ष 1989 में स्थापित एक क्षेत्रीय आर्थिक मंच है। ए.पी.ई.सी के 21 सदस्य राष्ट्र हैं।


24. **भारत-अमेरिका** संयुक्त विशेष सैन्य बल अभ्यास 2018 राजस्थान के बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (एम.एफ.एफ.आर) **वज्र प्रहार में** शुरू हुआ।
**नोट:** आतंकवाद से मुकाबले के लिए ऑपरेशन से निपटने हेतु दोनों देशों के विशेष बलों के बीच 12 दिवसीय अभ्यास आयोजित किया गया और यह यूनिट के साथ-साथ सब-यूनिट स्तर पर भी किया जा रहा है। अमेरिकी सेना का प्रतिनिधित्व एक अधिकारी के दल और यूनाइटेड स्टेट्स पैसेफिक कमांड के विशेष बल समूह के 10 अन्य रैंकों द्वारा किया जाता है।

**25.** नेपाल के मंत्री द्वारा नेपाल के भक्तपुर (काठमांडू के पास) में शुरू की गई उपकरण निर्माण एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी -- **ConMac 2018।**
**नोट:** नेपाल में भारतीय दूतावास और सी.आई.आई (भारतीय उद्योग परिसंघ) ने उपकरण निर्माण एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी- 'ConMac 2018' का संयुक्त रूप से आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य दोनों देशों के निर्माण उद्योग के बीच उच्च स्तरीय व्यवसाय बढ़ाना है।

**26.** विदेश मंत्री **सुषमा स्वराज** ने **वियनतियान** में आयोजित **भारत-लाओस पी.डी.आर** (India-Lao PDR) संयुक्त आयोग की 9 वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की।
**नोट:** दोनों पक्षों ने रक्षा, कृषि, व्यापार और निवेश, विज्ञान एवं आई.टी, ऊर्जा एवं खनन के क्षेत्रों को शामिल करने वाले द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की है।

**27.** 12वीं विश्व पर्वतीय चिकित्सा कांग्रेस **काठमांडू, नेपाल में** शुरु हुई।
**नोट:** द्विवार्षिक समारोह मुख्य रूप से अधिकतम ऊंचाई पर चिकित्सा के विज्ञान एवं अनुसंधान पहलुओं पर





केंद्रित है। कांग्रेस का विषय "हिमालय के दिल में पर्वतीय औषधि" है।

**28.** नेपाल के प्रधान मंत्री के.पी. शर्मा ओली ने देश के औपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए **सामाजिक सुरक्षा योजना** शुरु की।

**नोट:** इस योजना में सभी उम्र और वर्गों के लोग शामिल किए जाएंगे। नई सामाजिक सुरक्षा योजना योगदान आधारित है और इसमें स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाएं, सुरक्षित मातृत्व, दुर्घटना और शारीरिक अक्षमता सुरक्षा, परिवार के आश्रित सदस्यों की सुरक्षा और वृद्धावस्था में सुरक्षा शामिल होगी।

**29.** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) में** आयोजित 13वें G-20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

**नोट:** शिखर सम्मेलन का विषय 'एक अच्छे और सतत विकास के लिए सर्वसम्मति बनाना' (Building Consensus for a Fair and Sustainable Development) है। G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान, भारत सुधारे हुए बहुपार्श्ववाद की आवश्यकता को उजागर करेगा जो समकालीन वास्तविकताओं को दर्शाता है और वैश्विक कल्याण के लिए सामूहिक कार्यवाही को प्रभावी ढंग से प्रबल बना सकता है।

**30.** सस्टेनेबल ब्लू इकोनॉमी सम्मेलन **नैरोबी, केन्या में** आयोजित किया गया।

**नोट:** सस्टेनेबल ब्लू इकोनॉमी समुद्र-आधारित अर्थव्यवस्था है जो वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए सामाजिक और आर्थिक लाभ प्रदान करती है, पारिस्थितिक तंत्र की विविधता, उत्पादकता को पुनर्स्थापित, संरक्षित और अनुरक्षित रखती है। **सस्टेनेबल ब्लू इकोनॉमी सम्मेलन** केन्या द्वारा आयोजित और जापान एवं कनाडा द्वारा सह-आयोजित था। इस सम्मेलन का विषय 'The Blue Economy and the 2030 Agenda for Sustainable Development' था।

**31.** **यूरोपीय संघ** (ई.यू.) ने सरकार, उद्योगों, नागरिकों और सभी क्षेत्रों से कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने और कब तक ब्लॉक को कार्बन तटस्थ बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना में शामिल होने का अनुरोध किया है -- **वर्ष 2050।**

**नोट:** ई.यू. जलवायु आयुक्त **मिगुएल एरियस कैनेटे** ने आज ब्रुसेल्स में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ब्लॉक यह निर्धारित करने के लिए एक प्रक्रिया शुरु कर रहा है कि यूरोप की ऊर्जा और जलवायु नीति अभी और वर्ष 2050 के बीच कैसे विकसित होगी। सदस्य राष्ट्र वर्ष 2018 के अंत तक यूरोपीय संघ को राष्ट्रीय जलवायु और ऊर्जा योजनाओं का मसौदा प्रदान करेंगे।


**32.** छह महीने की यात्रा के बाद **लाल ग्रह मंगल** पर सफलतापूर्वक उतरने वाला नासा का रोबोटिक लैंडर -- **इनसाइट।**

**नोट:** अंतरिक्ष यान को मंगल ग्रह के रहस्यों को उजागर करने के लिए ग्रह की ग्रह की चट्टानी सतह में गहरी खुदाई हेतु डिजाइन किया गया है। लैंडर ने संकेत भेजे हैं कि इसके सौर पैनल खुल गए हैं और ये मंगल ग्रह की सतह पर सूर्य की रोशनी एकत्र कर रहे हैं। इनसाइट लैंडर **एलिसियम प्लैनिटिया** नामक ज्वालामुखीय क्षेत्र की एक समतल, चिकने भाग के पश्चिमी किनारे पर मंगल ग्रह की भूमध्य रेखा पर उतरा। इनसाइट मंगल ग्रह का आंतरिक अध्ययन करेगा और बहुमूल्य वैज्ञानिक तथ्यों के बारे में बताएगा क्योंकि अमेरिका चंद्रमा और बाद में मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्री भेजने की तैयारी कर रहा है।

33. **संयुक्त राज्य अमेरिका** और **भारत** की वायुसेना पश्चिम बंगाल में दो वायुसेना स्टेशनों पर 12 दिवसीय संयुक्त अभ्यास में भाग लेंगी -- **Cope India -2018।**

**नोट:** यह अभ्यास 3-14 दिसंबर तक एयर स्टेशन कालीकुंडा और एयर स्टेशन अर्जन सिंह (पानागढ़) में आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास एक मुक्त और खुले भारत-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के प्रयासों और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। Cope India अभ्यास आठ वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है, पिछला अभ्यास वर्ष 2010 में हुआ था। अभ्यास Cope India 19 अमेरिकी-भारतीय पारस्परिक सहयोग को बढ़ाने और





मौजूदा क्षमताओं, एयरक्रू रणनीति और सैन्यबल नियुक्ति सृजन पर केंद्रित है।

**34. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (इसरो) के विश्वसनीय प्रक्षेपण यान PSLV-C43 रॉकेट ने किस पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के साथ सफलतापूर्वक उड़ान भरी -- **HysIS (हाइपर स्पेक्ट्रल इमेजिंग सैटेलाइट)।**

**नोट:** आठ देशों से 30 वाणिज्यिक उपग्रहों (1 माइक्रो और 29 नैनो) का कुल वजन 261.5 किलोग्राम है। HysIS कृषि और वानिकी समेत विभिन्न उद्देश्यों के लिए हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग क्षमता प्रदान कर सकता है। इसमें दो पेलोड- पहला प्रकाश स्पेक्ट्रम की सीमा में विजिबल नियर-इंफ्रारेड (वी.एन.आईआर) और दूसरा शॉर्टवेव इंफ्रारेड (एस.डब्ल्यू.आईआर) सीमा में इमेज लेने के लिए लगे हैं। यह उपग्रह वर्ष 2023 तक पृथ्वी अवलोकन सेवा प्रदान करेगा।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. सत्यजीत रे की श्रेष्ठतम महाकाव्य रचना **पथेर पांचाली** को बी.बी.सी की 100 सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्मों (भारत से एकमात्र फिल्म) की सूची में शामिल किया गया है।

   **नोट:** वर्ष 1955 में रिलीज हुई पथेर पांचाली को सूची में 15वें स्थान पर रखा गया, सूची में अकीरा कुरोसावा की 'सैवन समुराई' शीर्ष स्थान रही। उच्चतम मूल्यांकन वाली फिल्मों में से 27 फ्रेंच में, इसके बाद 12 मंदारिन और इतालवी एवं जापानी में से प्रत्येक में 11-11 फिल्में थीं।

**2.** राज्य के जिलों के लिए स्वच्छ भारत विश्व शौचालय दिवस प्रतियोगिता की घोषणा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय **ने की।**

   **नोट:** प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत में सभी जिलों को खुले में शौंच-मुक्त (ओ.डी.एफ) निरंतरता पर विशेष ध्यान देने के साथ स्वच्छता मिशन को पुन: सशक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। शीर्ष 10 जिला कलेक्टर, स्वच्छता मिशन के शीर्ष 3 राज्य मिशन निदेशकों और राज्य सचिव प्रभारी को स्वच्छ भारत मिशन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।प्रतियोगिता पांच राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में लागू नहीं होती है।

**3.** दुबई में शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किए जाने वाले सुपर 30 के संस्थापक -- **आनंद कुमार।**

   **नोट:** श्री आनंद को मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स द्वारा **'ग्लोबल एजुकेशन अवार्ड'** से सम्मानित किया जाएगा, जो एक प्रमुख भारतीय व्यापार समूह मालाबार ग्रुप की प्रमुख कंपनी है।आनंद कुमार का जीवन बहुत सारे संघर्षों से भरा है और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान वास्तव में पथप्रदर्शक हैं।


**4.** सर्वोच्च साक्षरता पुरस्कार 'एज़ुथचान पुरस्कारम 2018' के लिए चुने गए मशहूर मलयालम लेखक -- **एम. मुकुंदन।**

   **नोट:** यह पुरस्कार भाषा और साहित्य में उनके समग्र योगदान के लिए दिया जा रहा है। एज़ुथचान पुरस्कारम एज़ुथचान (मलयालम भाषा के पिता) के नाम पर दिया जाने वाला उच्चतम साहित्यिक सम्मान है, जो केरल साहित्य अकादमी, केरल सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार में 5,50,000 रुपये का नकद पुरस्कार और एक उद्धरण शामिल है।

5. अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (ए.आई.बी.ए) के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित उज्बेकिस्तान के विवादास्पद व्यवसायी **गफूर राखिमोव है।**

   **नोट:** राखिमोव ने मास्को में ए.आई.बी.ए अधिकारियों द्वारा दूसरे चरण में एकत्रित 134 मतों में से 86 जीते। उन्होंने अपने एकमात्र प्रतिद्वंद्वी कज़ाखिस्तान के पूर्व मुक्केबाज सेरिक कोनाकबायेव को हराया। अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ या ए.आई.बी.ए. एक खेल संगठन है





जो शौकिया (ओलंपिक शैली) मुक्केबाजी मैच और विश्व एवं अधीनस्थ चैम्पियनशिप की स्वीकृति देता है।

6. 'विशिष्ट जन' (Distinguished Fellow) पुरस्कार से सम्मानित भारतीय फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान (एफ.टी.आई.आई) के पूर्व अध्यक्ष **अनुपम खेर है।**
**नोट: इंडिया ग्लोबल** एक अग्रणी अमेरिकी थिंक टैंक है जो प्रवासी भारतीयों से संबंधित मुद्दों पर काम करती है। यह समारोह बोस्टन में प्रतिष्ठित एम.आई.टी स्लोन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित किया गया था। वर्तमान में अनुपम खेर न्यूयॉर्क में हैं, जो हाल ही में अपने अंतर्राष्ट्रीय टीवी शो न्यू एम्स्टर्डम की शूटिंग कर रहे हैं।

7. फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान Chevalier de la Lgiond से सम्मानित प्रसिद्ध फ्रांसीसी विद्वान - **जवाहर लाल सरीन।**
**नोट:** जवाहर लाल सरीन एलायंस फ्रैनाइज के दिल्ली स्थित शासी निकाय के अध्यक्ष हैं। उन्हें भारत-फ्रांस सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ाने और फ्रेंच भाषा को बढ़ावा देने के उनके उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

8. अपनी पुस्तक, I am a Troll: Inside The Secret World of The Bharatiya Janata Party's Digital Army के लिए साहस का **प्रेस फ्रीडम अवॉर्ड** हासिल करने वाली स्वतंत्र पत्रकार -- **स्वाति चतुर्वेदी।**
**नोट:** यह पुरस्कार 8 नवंबर को लंदन के फिट्जरोविया में गेट्टी इमेजेस गैलरी में प्रदान किया गया था। पुरस्कार समारोह का आयोजन यू.के. चैप्टर ऑफ पेरिस स्थित रिपोर्टर सैन्स फ्रंटियर (आरएसएफ) या रिपोटर्स विदआउट बॉर्डर्स इन लंदन द्वारा किया गया।

9. असम में प्रतिष्ठित मुनीन बारकोटोकी साहित्यिक पुरस्कार 2018 युवा लेखक-आलोचक **डॉ. देवभूषण बोरा** को दिया गया।
**नोट:** यह पुरस्कार 'निरबचन' नामक साहित्यिक आलोचना पुस्तक के लिए दिया गया। मुनीन बारकोटोकी मेमोरियल ट्रस्ट ने युवा और आशावान लेखकों को प्रोत्साहित करने के लिए असम में स्थापित वार्षिक पुरस्कार की घोषणा की।इस पुरस्कार में उद्धरण और एक पट्टिका के साथ 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है।


10. शिक्षाविद् **डॉ. सरोज सुमन गुलाटी** को प्रतिष्ठित **ग्लोबल एजुकेशन लीडर अवॉर्ड 2018** से सम्मानित किया गया।
**नोट:** डॉ. गुलाटी को पुरस्कार 'K-12 शिक्षा और कला एवं संस्कृति के प्रचार' में उनके अनुकरणीय योगदान के सम्मान में प्रदान किया गया।डॉ. गुलाटी (ब्लू बेल्स ग्रुप ऑफ स्कूल की निदेशक) भारत के उन नौ प्रतिष्ठित शिक्षा मार्गदर्शकों में से एक थीं जिन्हें शिक्षा और सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया था।

11. पत्रकार **एन. राम** को **राजा राम मोहन रॉय पुरस्कार** की प्रतिष्ठित पुरस्कार श्रेणी के तहत चयनित किया गया है।
**नोट: रुबी सरकार** (देशबंधु भोपाल के मुख्य संवाददाता) और **राजेश जोशटे** (रत्नागिरी में दैनिक पुधारी) ग्रामीण पत्रकारिता की श्रेणी में इस पुरस्कार को साझा करेंगे। एन. राम **हिंदू प्रकाशन समूह** के अध्यक्ष हैं।

12. शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए **2018 इंदिरा गांधी पुरस्कार विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र (सी.एस.ई) ने** जीता।
**नोट:** सी.एस.ई की स्थापना 1980 में स्वर्गीय **अनिल अग्रवाल** के नेतृत्व में हुई थी और वर्तमान में इसकी अध्यक्ष **सुनीता नारायण** हैं। **इंदिरा गांधी पुरस्कार** अंतर्राष्ट्रीय शांति, विकास और एक नए अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक क्रम को बढ़ावा देने के रचनात्मक प्रयासों को सम्मानित करने के लिए व्यक्तियों या संगठनों को इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा वार्षिक रूप से प्रदान किया जाने वाला पुरस्कार है। इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार हर वर्ष इंदिरा गांधी ट्रस्ट द्वारा स्वर्गीय प्रधान मंत्री की जयंती पर प्रदान किया जाता है।

13. 49वां **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव** (आई.एफ.एफ.आई) **पणजी (गोआ) में** स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में प्रारंभ **में** हुआ।





**नोट: मलयालम फिल्म ओलू** (शाजी करुण द्वारा निर्देशित) इंडियन पैनोरमा के फीचर फिल्म खंड की पहली फिल्म होगी।वर्ल्ड पैनोरमा खंड विभिन्न देशों की 15 ऑस्कर नामित फिल्मों सहित 67 फिल्में दिखाएगा। इस वर्ष इजराइल केंद्रित देश और झारखंड केंद्रित राज्य है। अनुभवी इजराइली फिल्म निर्माता डैन वोलमैन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। इस वर्ष आई.एफ.एफ.आई **खेलो इंडिया पहल** के विस्तार के रूप में छह भारतीय खेल बायोपिक्स (गोल्ड, मैरी कॉम, भाग मिल्खा भाग, 1983, एम.एस.डी: द अनटोल्ड स्टोरी और सूरमा) दिखाएगा।

**14.** मैक्सिको की सरकार द्वारा **"ऑर्डन मेक्सिकाना डेल एग्युला एज़्टेका"** (Mexican Order of the Aztec Eagle) से सम्मानित भारतीय शिक्षाविद -- **श्यामा प्रसाद गांगुली।**

**नोट:** यह मेक्सिको द्वारा विदेशी नागरिकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। उन्हें मेक्सिको-भारत सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए स्पेनिश भाषा और मैक्सिकन संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु सम्मानित किया गया। वह यह पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय शिक्षाविद हैं। वह जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जे.एन.यू) में स्पेनिश और लैटिन अमेरिकी अध्ययन के पूर्व प्रोफेसर हैं।

**15.** ब्रिस्बेन में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म प्रोड्यूसर एसोसिएशन (एफ.आई.ए.पी.एफ) पुरस्कार से **नंदिता दास को** सम्मानित किया गया।

**नोट:** नंदिता दास ने "1947 अर्थ", "फायर" और "हजार चौरासी की मां" जैसी फिल्मों में एक अभिनेत्री के रूप में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फीचर फिल्म "फिराक" के साथ निर्देशन कार्य शुरू किया था।

**16.** सामाजिक कारणों में योगदान के लिए तीसरे सायाजी रत्न पुरस्कार से सम्मानित बॉलीवुड सुपरस्टार **अमिताभ बच्चन है।**

**नोट:**इससे पहले, **एन.आर. नारायण मूर्ति** (इंफोसिस के सह-संस्थापक) और **रतन टाटा** (प्रख्यात उद्योगपति) को यह पुरस्कार दिया गया था। वर्ष 2013 में, बड़ौदा प्रबंधन संघ ने उस शासक की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यह पुरस्कार स्थापित किया था, जो बीसवीं शताब्दी की शुरुआत में अपने शासन के दौरान प्रमुख सामाजिक सुधार के उपायों के लिए प्रसिद्ध थे।

**17.** भारतीय सिनेमा में अपने आजीवन योगदान के लिए **IFFI विशेष पुरस्कार** से सम्मानित अनुभवी लेखक **सलीम खान है।**

**नोट:** उन्हें गोवा में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और एक शॉल प्रदान किया गया।

**18.** 49वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आई.एफ.एफ.आई) में प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड **डॉनबास को** मिला।

**नोट:** गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड में निर्माता और निदेशक (सर्गेई लॉज़नित्सा) के बीच साझा किया जाने वाला 40 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और उद्धरण शामिल है। डॉनबास पूर्वी यूक्रेन के एक क्षेत्र में एक द्वि-जातीय युद्ध की कहानी बताती है, जिसमें अलगाववादी गिरोहों द्वारा बड़े पैमाने पर हत्या और लूटपाट के साथ एक सार्वजनिक सशस्त्र संघर्ष शामिल है।

- **लिजो जोस पेल्लीसरी** ने अपनी वर्ष 2018 की फिल्म 'Ee.Ma.Yau' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता।
- **चेम्बन विनोद** को 'Ee.Ma.Yau' में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) का पुरस्कार दिया गया।
- **अनास्ताशिया पुस्तोवित** को यूक्रेनी फिल्म 'When the Trees Fall' में एक किशोर लड़की 'लारसा' के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) का पुरस्कार प्रदान किया गया।
- **अल्बर्टो मोंटेरस द्वितीय** को 'Respeto' के लिए 'सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फ़ीचर फिल्म निर्देशक' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

**19.** सर्वोच्च फ्रांसीसी नागरिक सम्मान **Chevalier de la Legion d'Honneur** (नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर) से सम्मानित भारतीय व्यापार जगत के शक्तिशाली उद्योगपति -- **अजीम प्रेमजी (विप्रो के अध्यक्ष)।**
**नोट:** वह **अजीम प्रेमजी फाउंडेशन** और **अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी** के माध्यम से फ्रांस में आर्थिक पहुंच और एक परोपकारी के रूप में समाज में प्रशंसनीय योगदान रखते हैं। यह प्राप्तकर्ताओं की राष्ट्रीयता पर ध्यान दिए बिना फ्रांस में उत्कृष्ट सेवा के लिए फ्रांसीसी गणराज्य द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।

## खेल समाचार

1. श्रीलंका के गेंदबाजी कोच **नुवान जोएसा** को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आई.सी.सी) ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और उन पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगा है।
**नोट:** जोएसा पर उन अनुच्छेदों के तहत आरोप लगाया गया है जो मैच फिक्सिंग से संबंधित हैं और खिलाड़ियों को परिणामों को प्रभावित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।
2. चीन के जिनान में आयोजित एशियाई स्नूकर टूर का दूसरा चरण जीतने वाले विश्व चैंपियन **पंकज आडवाणी** है।
**नोट:** वह **एशियाई स्नूकर टूर प्रतियोगिता** जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।आडवाणी ने फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चीन के **जू रेती** को 6-1 से पराजित किया।
3. अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (ए.आई.बी.ए) की महिला विश्व चैंपियनशिप के 10वें संस्करण की ब्रांड एंबेसडर के रूप में ओलंपिक पदक विजेता **मैरी कॉम को** नामित किया गया है**।**
**नोट:** ए.आई.बीए महिला विश्व चैंपियनशिप 15-24 नवंबर तक नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बी.एफ.आई) ने 15 और 24 नवंबर के बीच आई.जी. स्टेडियम में होने वाली 2018 ए.आई.बी.ए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लॉन्च के दौरान लोगो और गान (एंथम) का अनावरण किया।
4. **अजहर अली** अपने टेस्ट कैरियर को बढ़ाने के लिए एकदिवसीय क्रिकेट से सन्यास की घोषणा करने वाले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान है।
**नोट:** अजहर टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान की ओर से रन बनाने वाले सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं, उन्होंने वर्ष 2016 और 2017 में यू.ए.ई और ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में क्रमश: तिहरा शतक और दोहरा शतक बनाया था।उन्होंने जनवरी, 2018 में, न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना अंतिम एकदिवसीय मैच खेला था।
5. जर्मनी के साब्रुक्केन में आयोजित सार्लोरक्स ओपन जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी **शुभांकर डे** है।
**नोट:** उन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त राजीव ओसेफ (ब्रिटेन) को सीधे खेल में 21-11, 21-14 से पराजित किया।यह शुभांकर का वर्ष 2018 का पहला खिताब है। इससे पहले, वे चेक गणराज्य में कबाल अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में उप-विजेता रहे थे।
6. नोवाक जोकोविच पर एक शानदार जीत के साथ पेरिस मास्टर्स पुरुष एकल टेनिस खिताब हासिल करने वाले रूसी खिलाड़ी **कारेन खाचानोव** है।
**नोट:** उन्होंने सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच की 22-मैचों की अविजेय दौड़ का अंत करते हुए उन्हें सीधे सेट में 7-5, 6-4 से हराया। वर्ष 2009 में निकोलाय डेविडेंको के बाद मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने वाले खचानोव पहले रूसी खिलाड़ी हैं।
7. अमेरिकी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कप्तान बनाए गए मुंबई के मध्यम गति के पूर्व तेज गेंदबाज **सौरभ नेत्रवलकर है।**



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

**नोट:** नेत्रवलकर ने कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, अमेरिका (वर्ष 2015) में कंप्यूटर विज्ञान का अध्ययन करने के लिए खेल छोड़ दिया था।वर्ष 2010 में टीम के असफल अंडर-19 विश्वकप अभियान में वह भारत की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। नेत्रवलकर ने अपना एकमात्र रणजी ट्रॉफी मैच कर्नाटक के खिलाफ मुंबई की ओर से खेला और उसमें तीन विकेट लिए थे।

**8.** उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ के एकाना इंटरनेशनल स्टेडियम (नवनिर्मित) का नाम बदलकर **अटल बिहारी वाजपेयी (पूर्व प्रधान मंत्री)** के नाम पर करने का फैसला किया है।
**नोट:** पूर्व प्रधान मंत्री 1991 से 2009 के बीच लगातार पांच बार लखनऊ से संसद सदस्य थे।

9. महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप का दसवां संस्करण **दिल्ली में** शुरू हुआ।

**10.** यूनिसेफ इंडिया के युवा राजदूत के रूप में नियुक्त की गईं एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता धावक **हिमा दास है।**
**नोट:** हिमा बच्चों के अधिकारों और जरूरतों के बारे में जागरूकता फैलाने और सक्रिय प्रतिभागियों के रूप में निर्णय लेने में बच्चों और युवाओं की आवाज को तेज करने में मदद करेंगी।

**11.** कुवैत में आयोजित 8वीं एशियाई शॉटगन चैंपियनशिप में पुरुषों के स्कीट फाइनल में स्वर्ण पदक **अंगद वीर सिंह बाजवा** ने जीता।
**नोट:** वह महाद्वीपीय या विश्व स्तर की प्रतिस्पर्धा जीतने वाले पहले भारतीय स्कीट निशानेबाज बने।

**12.** बैडमिंटन के फ़ूझोउ चीन ओपन 2018 के विजेता **कंटो मोमाटा है।**
**नोट:** विश्व चैंपियन मोमोटा ने ताइवान के चौथर वरीयता प्राप्त चौउ तियान-चेन को 21-13, 11-21, 21-16 से पराजित किया।

**13.** ब्राज़ीलियाई ग्रैंड पिक्स 2018 **लुईस हैमिल्टन ने** जीती।
**नोट:**ब्राजील में मैक्स वेरस्टापेन की एस्तेबान ओकोन से भिड़ंत के बाद लुईस हैमिल्टन ने जीत हासिल की। दो सप्ताह पहले पांचवें ड्राइवर का खिताब हासिल करने वाले हैमिल्टन की यह सत्र की 10वीं जीत और अपने करियर की 72वीं जीत थी।

**14.** 65 किलोग्राम वर्ग में दुनिया के नंबर -1 पहलवान बनने वाले भारतीय पहलवान **बजरंग पूनिया है।**
**नोट:** बजरंग ने सी.डब्ल्यू.जी और एशियाई खेलों के स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप में एक रजत सहित पांच पदक जीते और यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू सूची में 96 अंक के साथ शीर्ष रैंक हासिल की।

15. माउंट गिलुवे पर चढ़ने वाले पहले भारतीय पर्वतारोही **सत्यरूप सिद्धांत है।**

16. क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज **जॉन हेस्टिंग्स है।**
**नोट:** उन्होंने खेल के सभी तीन प्रारूपों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया है, और उन्होंने पिछले महीने घोषणा की वह एक बीमारी से जूझ रहे थे जिसमें गेंदबाजी करने पर खून बहने लगता है। हेस्टिंग्स ने वर्ष 2010 में एकदिवसीय और ट्वेंटी -20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया था।

**17.** भारत के यूनिसेफ युवा राजदूत के रूप में **हिमा दास को** चुना गया।
**नोट:** हिमा दास ने आई.ए.ए.एफ विश्व चैम्पियनशिप 2018 में भारत की पहली ट्रैक एंड फील्ड स्वर्ण पदक विजेता बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने 2018 एशियाई खेलों में महिलाओं की 4 x 400 मीटर रिले प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक भी जीता था। वह असम के नगांव जिले के धींग गांव के एक किसान की पुत्री हैं।

18. स्वास्थ्य कारणों से सन्यास की घोषणा करने वाली पोलैंड की टेनिस खिलाड़ी **एग्निएज़्का रैंडवांसका** है।
**नोट:** वर्ष 2012 में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग (दूसरी) पर पहुंचने वाली रैंडवांसका ने पिछले वर्ष स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत की थी, जिसमें वायरस रोग भी शामिल था, जिसके तहत उन्हें एंटीबायोटिक्स का उपयोग करना पड़ा था।वह वर्ष 2018 में फॉर्म के लिए संघर्ष कर



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

रहीं थीं, जिसमें वह शीर्ष 30 रैंकिंग से वर्ष की शुरुआत करने के बाद 75वीं विश्व रैंक पर पहुंच गईं।

**19.** विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप का 10वां संस्करण **दिल्ली में** हुआ।

**नोट:** टूर्नामेंट का यह 10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है क्योंकि 72 देशों के 300 से अधिक मुक्केबाज इसमें भाग लेंगे।10वां संस्करण का मुख्य आकर्षण यह होगा कि इसमें नए देश-स्कॉटलैंड, माल्टा, बांग्लादेश, केमैन द्वीप समूह, डी.आर. कांगो, मोजाम्बिक, सिएरा लियोन और सोमालिया-अपना पदार्पण कर रहे हैं।

**20.** सात क्लबों के लिए 700 से अधिक मैच खेलने के बाद सन्यास की घोषणा करने वाले इंग्लैंड के पूर्व मिडफील्डर **जो कोल है।**

**नोट:** कोल ने 716 पेशेवर मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने सात क्लबों के लिए 104 गोल किए और इंग्लैंड की ओर से उनके 56 गोल तीन विश्व कप टूर्नामेंट में छाए रहे।उन्होंने 19 वर्ष की आयु में अपना अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया, जब उन्हें हैमर में इंग्लैंड की सबसे महान युवा प्रतिभाओं में से एक माना गया था।

**21.** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर **जॉन हेस्टिंग्स है।**

**नोट:** उनका अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच वर्ष 2017 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया एक दिवसीय मैच था।हेस्टिंग्स ने एक टेस्ट, 29 एकदिवसीय और नौ टी-20 खेले हैं।

**22.** 150-अप फॉर्मेट में अपना **तीसरा आई.बी.एस.एफ बिलियर्ड्स खिताब** जीतने वाले भारत के शीर्ष बिलियर्ड्स खिलाड़ी **पंकज आडवाणी है।**

**नोट:** इससे पहले, उन्होंने पिछले वर्ष दोहा में यही कारनामा करने से पहले वर्ष 2016 में अपने गृह नगर बेंगलुरू में जीत हासिल की थी।

**23.** बेलारूस के मिन्स्क में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस फेडरेशन चैलेंज बेल्गोस्त्रख बेलारूस ओपन के अंडर -21 एकल वर्ग में कांस्य पदक **मानव ठक्कर ने** हासिल किया।

**नोट:** मानव स्वर्ण पदक से चूकते हुए सेमीफाइनल में रूस के डेनिस इवोनीन से हार गए थे।

**24.** ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा स्टेडियम **मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड** (एम.सी.जी) पुरुषों और महिलाओं दोनों के विश्व ट्वेंटी - 20 क्रिकेट के फाइनल मैच की मेजबानी करेगा -- **वर्ष 2020.**

**नोट:** आठ मेजबान शहर एडीलेड, ब्रिस्बेन, कैनबरा, जिलॉन्ग, होबार्ट, मेलबोर्न, पर्थ और सिडनी होंगे।मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड (एम.सी.जी) यार्रा पार्क, मेलबर्न, विक्टोरिया में स्थित एक ऑस्ट्रेलियाई स्पोर्ट्स स्टेडियम है।

**25.** ए.टी.पी 2018 चैंपियनशिप के विजेता -- **अलेक्जेंडर ज्वेरेव।**

**नोट: अलेक्जेंडर ज्वेरेव** (जर्मनी) ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 6-4, 6-3 से हराकर ए.टी.पी फाइनल जीता।ज्वेरेव वर्ष 1995 में फ्रैंकफर्ट में बोरिस बेकर के बाद खिताब जीतने वाले पहले जर्मन खिलाड़ी और वर्ष 2008 में शंघाई में इसी उम्र में जोकोविच के जीतने के बाद सबसे युवा खिलाड़ी हैं।वर्ष **2018 ए.टी.पी वर्ल्ड टूर** 2018 टेनिस सीज़न के लिए एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल (ए.टी.पी) द्वारा आयोजित वैश्विक विशिष्ट वर्ग में पुरुषों का पेशेवर टेनिस सर्किट है।

26. नई दिल्ली के अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित लड़कों के जूनियर **सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट** का 59वां संस्करण **बांग्लादेश क्रीड़ा शिक्षा प्रतिष्ठान (बी.के.एस.पी) ने** जीता।

**नोट:** बी.के.एस.पी ने एक एकमात्र गोल से अमीनी स्कूल (अफगानिस्तान) को हराया।अफगानिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल से आठ टीमों सहित टूर्नामेंट में कुल 95 टीमों और 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

**27.** कनाडा के मार्केहम में ली निंग बी.डब्ल्यू.एफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2018 में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी -- **लक्ष्य सेन।**

**नोट:** यह बी.डब्ल्यू.एफ विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में लड़कों की ओर से भारत का एकल कांस्य पदक था।इससे पहले, आर.एम.वी गुरुसाईदत्त (2008), बी. साईं प्रणीत



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

(2010), एच.एस. प्रणय (2010) और समीर वर्मा (2011) ने कांस्य पदक जीता है।सिरील वर्मा (2015) विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लड़कों की श्रेणी में भारत के एकमात्र एकल रजत पदक विजेता है।

**28.** क्रिकेटरों के खेल में उम्र धोखाधड़ी के लिए प्रतिबंध को दोगुना करने की घोषणा करने वाला भारतीय क्रिकेट का शासी निकाय **बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बी.सी.सी.आई) है।**

**नोट:** बी.सी.सी.आई के अनुसार, कोई भी क्रिकेट खिलाड़ी यदि अपनी जन्मतिथि से छेड़छाड़ करने का दोषी पाया जाता है, तो उसे 2 वर्ष की अवधि के लिए बी.सी.सी.आई के किसी भी टूर्नामेंट में भाग लेने से रोक दिया जाएगा और उसे प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।इससे पहले, एक क्रिकेट खिलाड़ी को एक वर्ष के प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था।

29. बाकू में आयोजित **एफ.आई.जी एक्रोबैटिक विश्व कप** में पुरुषों और महिलाओं की समूह प्रतिस्पर्धा में दो कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय जिमनास्ट **प्रिंस एरिस और रेजिलेश सुरिबाबू है।**

**नोट:** रूसी जिमनास्ट्स ने स्वर्ण और रजत दोनों पदक जीते।

**30.** विश्व चैंपियनशिप में 6 स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला मुक्केबाज **मैरी कॉम** है।

**नोट:** भारत की **एम.सी. मैरी कॉम** (35 वर्षीय) ने नई दिल्ली के के.डी. जादव इंडोर स्टेडियम में आयोजित **महिला विश्व चैम्पियनशिप** में अद्वितीय 6वां स्वर्ण पदक जीतने के लिए 48 किलोग्राम वर्ग की लाइट फ्लाईवेट श्रेणी में हन्ना ओखोटा (यूक्रेन) को 5-0 से पराजित किया।मैरी कॉम विश्व चैम्पियनशिप में छह स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला मुक्केबाज बन गई हैं।भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत (सोनिया चहल) और दो कांस्य पदक (सिमरनजीत कौर और लवलीना बोरगोहेन) के साथ चैंपियनशिप समाप्त की।

**31. आई.सी.सी महिला विश्व ट्वेंटी-20 XI** के कप्तान के रूप में नामित भारत की स्टार बल्लेबाज **हरमनप्रीत कौर है।**

**नोट:** आई.सी.सी की चयन समिति ने टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन किया है। ग्यारह खिलाड़ियों में इंग्लैंड की तीन, ऑस्ट्रेलिया की दो और पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और विंडीज में से प्रत्येक से एक खिलाड़ी को भी चयनित किया गया है।

**32.** ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में सीनियर **राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैंपियनशिप 2018** की साबरे प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक **भवानी देवी ने** जीता।

**नोट:** उन्होंने फाइनल में इंग्लैंड के एमिली रौक्स को 15-12 से हराया।

**33.** ग्वांगझू लू (चीन) को पराजित करके **सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप** के पुरुष एकल का खिताब जीतने वाले भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी **समीर वर्मा है।**

**नोट:** इस जीत के साथ, वर्मा ने बी.डब्ल्यू.एफ वर्ल्ड टूर के फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। **सात्विक रणकीरेड्डी** और **चिराग शेट्टी** की पुरुष युगल जोड़ी और महिला युगल खिलाड़ी **अश्विनी पोनप्पा** और **सिक्की रेड्डी** ने भी अपने-अपने फाइनल में रजत पदक हासिल किए।

**34. लॉरेउस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स** का 19वां संस्करण फरवरी, 2019 में **मोनाको में** आयोजित किया जाएगा।

**नोट:** लॉरेउस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स ('खेलों का ऑस्कर') एक कैलेंडर वर्ष में वैश्विक खेल उपलब्धियों को सम्मानित करता है। पिछले वर्ष, महान टेनिस खिलाड़ी **रोजर फेडरर** ने रिकॉर्ड पांचवीं बार लॉरेउस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता था। **सेरेना विलियम्स** ने स्पोर्ट्सवोमन ऑफ द ईयर पुरस्कार चार बार जीता है।

**35.** लंदन, इंग्लैंड में विश्व शतरंज चैंपियनशिप खिताब -2018 **मैग्नस कार्लसन ने** जीता।

**नोट:** नॉर्वे के **मैग्नस कार्लसन** (26 वर्षीय) ने इंग्लैंड के लंदन में आयोजित चैंपियनशिप में अमेरिका के फैबियानो कारुआना को 3-0 से पराजित किया और अपने **विश्व शतरंज चैंपियनशिप खिताब -2018** को पुन: हासिल किया।कार्लसन ने विजेता के रूप में 625,000 अमेरिकी



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें

डॉलर जीते, और कारुआना को उप-विजेता के रूप में 511,400 अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुए।**विश्व शतरंज चैंपियनशिप** 2018 लंदन के हॉलबोर्न कॉलेज में एफ.आई.डी.ई (व्यवसायिक साझेदार-एगोन) द्वारा आयोजित की गई थी।

**36.** **पुरुष हॉकी विश्व कप** (एच.डब्ल्यू.सी) के 14वें संस्करण का उद्घाटन समारोह **भुवनेश्वर में** स्थित कलिंग स्टेडियम में आयोजित किया गया।

**नोट:** लगभग 1,100 कलाकारों, स्टार अभिनेता शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित और ए.आर. रहमान (संगीतकार) ने समारोह में प्रदर्शन किया।2018 पुरुष एच.डब्ल्यू.सी फील्ड हॉकी विश्व कप टूर्नामेंट का 14वां संस्करण होगा, जो 28 नवंबर से 16 दिसंबर, 2018 तक आयोजित किया जाएगा।सोलह टीमें (चार ग्रुप में विभाजित) पुरुष हॉकी विश्व कप खिताब के लिए संघर्ष करेंगी।

| पूल | टीमों के नाम |
|---|---|
| पूल A | अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, स्पेन, फ्रांस |
| पूल B | ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, चीन |
| पूल C | बेल्जियम, भारत, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका |
| पूल D | नीदरलैंड, जर्मनी, मलेशिया, पाकिस्तान |

-------------0-------------



फ्री टेस्ट
बैंक, असअससी, आरआरबी, गेट
जेईई, नीट तथा अन्य परीक्षाएं
अटेम्प्ट करें



# बैंकिंग, एसएससी, गेट, सीटीईटी, जेईई एवं अन्य प्रवेश परीक्षाएं

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है
- अखिल भारतीय रैंक और परिणाम विश्लेषण प्राप्त करें
- विस्तृत समाधान

ANDROID APP ON
Google play

